हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 54, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 22 अगस्त, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख रुपये का सुरक्षा कवच देने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

### इस योजना से प्रदेश के करीब 90 लाख छोटे उद्यमियों को सीधा फायदा होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जीएसटी पंजीकरण के दायरे से बाहर सूक्ष्म उद्यमियों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच देना वाला देश का पहला राज्य बन गया है। विश्व उद्यमिता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना योजना का शुभारंभ किया। इस योजना से प्रदेश के करीब 90 लाख छोटे उद्यमियों को सीधा फायदा होगा। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने तीन जिलों में प्लेज पार्क स्थापित करने वाले लाभान्वितों को करीब 12 करोड़ रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। प्लेज पार्क की स्कीम देश की पहली स्कीम है। सोमवार को लोकभवन में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश से सैकड़ों उद्यमियों की मौजूदगी में सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना योजना का आगाज योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिवस के साथ सावन का सोमवार और नागपंचमी का त्योहार भी है। नागपंचमी जीव जंतुओं और प्रकृति के प्रति प्रेम व हर व्यक्ति के अंदर छिपी आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। उद्यमी अपनी इसी शक्ति के दम पर अपनी अद्भुत कला के जरिए इकाई की स्थापना करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई उद्यमियों में 97 फीसदी सूक्ष्म हैं। उनके उद्यम में 5 करोड़ से कम की पूंजी और सालाना टर्नओवर 40 लाख से कम है। उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं थी जो आज से मिलेगी। अब प्रदेश के 90 लाख एमएसएमई उद्यमियों को पांच लाख के बीमा का लाभ मिलेगा लेकिन इसका लाभ लेने के लिए पंजीकरण जरूर कराएं। अभी 27 लाख ने पंजीकरण कराया है। 40 लाख से ज्यादा टर्नओवर वाले कारोबारियों ने पहले ही दस लाख का बीमा करा रखा है, जिसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है। इसके बावजूद निवेशक यहां आना नहीं चाहते थे। लोग यहां आने से डरते थे। उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर लोगों में भय पैदा होता था पर नीति आयोग और आरबीआई की रिपोर्ट देखें तो पता चलेगा कि छह वर्ष में यूपी देश का सर्वाधिक निवेश वाला राज्य बन गया है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रह गया है। अब देश और दुनिया में प्रदेश की पहचान निवेश फ्रेंडली राज्य के रूप में है।



### इसरो ने शेयर की चांद के सुदूर भागों की तस्वीरें

नई दिल्ली। अबतक कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी सतह पर नहीं पहुंच पाया है, इसी उद्देश्य के साथ इसरो ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 लॉन्च किया था। चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल चांद की सतह से अब महज 25 से 150 किलोमीटर की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 का दूसरा और अंतिम डीबूस्टिंग मनूवर सफलतापूर्वक हो चुका है। अब केवल 23 अगस्त का इंतजार है, जब चांद की सतह पर लैंडिंग के साथ ही भारत इतिहास रचेगा। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाले अमेरिका, चीन और रूस के साथ भारत चौथा देश बन जाएगा। इसरो ने रविवार 20 अगस्त को एक्स पर एक वीडियो जारी कर 23 अगस्त को चांद पर चंद्रयान के सॉफ्ट लैंडिंग करने की जानकारी दी है। वहीं सोमवार 21 अगस्त को इसरो ने कुछ तस्वीरे भी शेयर की है। इन तस्वीरों में इसरो ने लैंडर हजार्ड डिटेक्शन एंड अवॉएडेंस कैमरा से ली गई चांद के सुदूर भागों की तस्वीरों को दिखाया गया है।

### 'मिसाइल से संगीत तक, कई बड़ी ऊंचाइयां तक पहुंची महिलाएं'



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान 'नारी शक्ति' की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने कई बाधाओं को पार करते हुए मिसाइल से लेकर संगीत तक विभिन्न क्षेत्रों में महान ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू एक मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा, "मैं सभी 'वीर नारियों' को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करती हूं और AWWA के प्रयासों की सराहना करती हूं।" कार्यक्रम के दौरान, एक आर्मी मैन से शादी करने वाली झारखंड की एक शिक्षिका, जो एक 'वीर नारी' हैं, उन्होंने अपने जीवन की गंभीर और दर्दनाक कहानियां सुनाई और बताया कि कैसे उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की भावना के साथ बाधाओं पर विजय प्राप्त की। मुर्मू ने कहा, "हमने आज दो महिलाओं की दर्दनाक कहानियां सुनीं, बल्कि हमें यह कहना चाहिए कि धैर्य और दृढ़ संकल्प की दो कहानियां सुनीं, इससे हमारी रूह कांप गई।" उन्होंने जोर देकर कहा कि इसीलिए इसे नारी शक्ति कहा जाता है।

## 'चंद्रयान 3' की कामयाबी के बाद पकड़ा जाएगा 'चीन' का धोखा, 'लद्दाख' में गिरेंगे 'ड्रैगन' ड्रोन



नई दिल्ली। 'चंद्रयान-3' की सफलता, भारत के लिए कई मायनों में एक बड़े बदलाव का प्रतीक बनेगी। विकास की नई राहें खुलने के अलावा 'चंद्रयान-3' की कामयाबी, बॉर्डर की सुरक्षा के मोर्चे पर भी काफी मददगार साबित होगी। विशेष तौर से, चीन जैसा शत्रु राष्ट्र, जो बहुत कम अंतराल पर बॉर्डर के किसी न किसी हिस्से में घुसपैठ का प्रयास करता रहता है, 'चंद्रयान-3' की सफलता के बाद उसकी हर छोटी से छोटी गतिविधि पर नजर रखना आसान हो जाएगा। बॉर्डर पर दुश्मन राष्ट्र की सेना की मिनट-टू-मिनट मूवमेंट का पता चलेगा। इसके अलावा पाकिस्तान और दूसरे देशों से लगती सीमा पर भी सटीक निगरानी हो सकेगी। साथ ही चंद्रयान 3 की कामयाबी, देश को हेवी मिसाइल दागने के लिए एक विश्वसनीय प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगी। जब भारत में 'पे लोड' की क्षमता बढ़ेगी तो दुनिया के कई देश अपने उपग्रहों की लॉंचिंग के लिए भारत से संपर्क करेंगे। इससे भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कमाने के नए दरवाजे खुल जाएंगे। पूर्व वैज्ञानिक एवं प्रमुख रेडियो कार्बन डेटिंग लैब, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ, डॉ. सीएम नौटियाल के मुताबिक, भारत से लगती सीमा, खासकर चीन के बॉर्डर पर सर्विलांस करने में चंद्रयान 3, बहुत मददगार साबित होगा। भारत चीन सीमा पर कुछ वर्षों से घुसपैठ की गतिविधियां बढ़ रही हैं। चीन की सेना के भारतीय क्षेत्र में आने की खबरें आती रहती हैं। पिछले दिनों लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चीन से लगती सीमा पर पेट्रोलिंग पॉइंट्स को लेकर केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे थे। उन्होंने पूछा, क्या चीन बॉर्डर पर 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स से भारत ने अपना अधिकार खो दिया है। क्या 'बफर' जोन भी भारत की जमीन में बने हैं।

इस वर्ष जनवरी में आयोजित डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए एक विस्तृत सिक्योरिटी रिसर्च पेपर में भारत के क्षेत्र पर चीन के अवैध कब्जे जैसी स्थिति सामने आई थी। मनीष तिवारी ने लोकसभा में उसी सम्मेलन का हवाला देते हुए पूछा था कि मई 2020 से पहले भारत सभी 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर पेट्रोलिंग करता था। गलवान में मई 2020 के दौरान ही भारत के 20 बहादुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। चीन, भारत को यह तथ्य स्वीकार करने के लिए मजबूर करता है कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से आईएसएफ या नागरिकों की उपस्थिति नहीं देखी गई है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी लद्दाख में चीन की घुसपैठ पर बयान दिया है।

**बिना दूरबीन, चीन के ड्रोन देखना संभव नहीं**- भारत से लगते बॉर्डर पर चीन ने उच्च तकनीक वाले उपकरण लगा रखे हैं। वह 72 सेटेलाइट के जरिए बॉर्डर पर सर्विलांस कर रहा है। भारत की ओर से उसके किसी भी तरह के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। इंडियन स्पेस एसोसिएशन के डीजी ले.जनरल (रि) एके भट्ट के अनुसार, चीन से लगती सीमा पर भी बड़ी संख्या में ऐसे ड्रोन की उपस्थिति बताई गई है, जिन्हें बिना दूरबीन के देखना संभव नहीं होता।

## 'न पासपोर्ट थे, न टिकट के पैसे', भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद लीबिया में फंसे 17 देशवासी लौटे

नई दिल्ली। लीबिया में सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बनाए गए 17 भारतीय नागरिकों को विदेश मंत्रालय (एमईए) के निरंतर प्रयासों के बाद भारत वापस लाया गया है। पंजाब और हरियाणा के रहने वाले भारतीय नागरिक रविवार को दिल्ली पहुंचें। इन भारतीयों को वापस भारत पहुंचाने में ट्यूनिशिया स्थित भारतीय दूतावास ने अहम भूमिका निभाई है। यह मामला ट्यूनिस में भारतीय दूतावास के पास तब आया, जब 26 मई को लीबिया में फंसे भारतीय नागरिकों के परिवारवालों ने बात की। लोगो ने बताया कि भारतीयों को देश में तस्करी कर लाया गया था और उन्हें ज्वारा शहर में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बनाया गया था। भारतीय दूतावास लोगों को वापस लाने के लिए लगातार लीबिया के अधिकारियों के संपर्क में थे। लीबिया के अधिकारियों ने 13 जून को भारतीयों सुरक्षापूर्वक बाहर निकालने में कामयाब रहे, लेकिन उन्हें अपनी कस्टडी में ही रखा था। हालांकि, बाद में भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद लीबिया के अधिकारी भारतीयों को छोड़ने के लिए राजी हो गए। लीबिया में रहने के दौरान भारतीय दूतावास ने वहां फंसे लोगों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए उनके लिए खेने-पीने की समानो, दवाई और कपड़ों का इंतेजाम भी किया। उनके पास पासपोर्ट न होने के कारण दूतावास ने आपातकालीन प्रमाणपत्र बनाकर उन्हें भारत पहुंचाने में मदद की। भारतीय दूतावास ने उनके टिकट का भी खर्च उठाया।



## अमित शाह ने कहा CM पद छोड़ना बाबूजी का सबसे बड़ा बलिदान, हिंदू गौरव दिवस पर दी कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि

अलीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर अलीगढ़ में हिंदू गौरव दिवस मनाया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंच से कार्यकताओं से कहा कि बाबू जी की द्वितीय पुण्यतिथि को हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। बाबूजी के द्वारा प्रदेश के विकास व सम्मान के लिए किये गए कार्यों के लिए श्रद्धांजलि देते हैं। 1991 में जब पहली बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो प्रदेश के लोगों को इसका एहसास हुआ था। आज नाग पंचमी व विश्व उधमिता दिवस है। सभी व्यापारियों को बधाई। 1991 में बाबू जी ने यहां तालानगरी का गठन किया था। 2017 से अब सरकार ने विकास पर काम किया है। परम्परा के उद्योग को बढ़ाने के लिए काम किया है। वन डिस्ट्रिकट वन प्रोडेक्ट पर काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन संस्कारों ने अपनी गद्दी से महत्वपूर्ण राम मंदिर को माना। हम सब जानते हैं कि अब अयोध्या में राम मंदिर का काम चल रहा है। 2024 की जनवरी में 500 वर्षों का इंतजार खत्म करके भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। बाबू जी आत्मा भी कहेंगी कि 1992 में जिसके लिए कुर्सी छोड़ी, वह सपना अब पूरा हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में डबल इंजन की सरकार है और विकास हो रहा है। काशी में कशी विश्वनाथ धाम बन रहा है। बाबू जी के नाम से कैंसर संस्थान का नाम है। बुलंद शहर में मेडिकल कॉलेज भी बाबू जी कल्याण सिंह के नाम निर्माण कार्य चल रहा है। यहां प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।



## उत्तराखंड-हिमाचल और यूपी में भारी बारिश का अलर्ट, केंद्र की हालात पर नजर



नई दिल्ली। भारी बारिश, भूस्खलन से तबाही झेल रहे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। भारतीय मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है। विभाग ने इन सात राज्यों के लिए 21 से 24 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने हिमाचल और उत्तराखंड में 115.6 से 204.4 मिमी तक भारी वर्षा का पूवार्नुमान जताया है। साथ ही कहा है कि इस दौरान प्रभावित इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की आशंका है। इसके अलावा आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की भी चेतावनी जारी की गई है। इन दोनों राज्यों में पिछले कुछ हफ्तों में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते बड़ी तबाही हुई है। इन राज्यों में 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 22 और 23 अगस्त को 115.6 से 204.4 मिमी तक भारी बारिश का अनुमान है। पूर्वी यूपी में 21 से 24 अगस्त तक जोरदार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने राजस्थान के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्य असम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में अगले तीन दिनों तक जोरदार बारिश का अनुमान जताया है। प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हालात पर 24 घंटे नजर रख रही है। स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार को आवश्यक राहत और वित्तीय मदद प्रदान कर रही है। बचाव और राहत के लिए एनडीआरएफ की 20 टीमें, सेना की 9 टुकड़ियां और वायुसेना के 3 हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। शिमला में 14 अगस्त को हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। राहत-बचाव टीम ने हादसे के सातवें दिन रविवार को एक और शव बरामद किया। तीन अन्य लोग अब भी लापता हैं। इनकी तलाश की जा रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य को प्राकृतिक आपदाओं से अब तक 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

## देवरिया : कुर्ना नाले में दोस्तों के साथ नहाते समय डूबे दो बच्चे, गोताखोरों की मदद से की जा रही तलाश

देवरिया। रुद्रपुर क्षेत्र के भभौली गांव के समीप सोमवार को कुर्ना नाले में नहाते समय दो बच्चे डूब गए। स्थानीय गोताखोर बच्चों की तलाश कर रहे हैं। मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए हैं। परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है। नागपंचमी के अवसर पर गांव के बच्चों के साथ छह दोस्त स्नान करने के लिए गए हुए थे। जिसमें से दो बच्चे गहरे पानी में चले गए। इस दौरान 10 वर्षीय शिवा निषाद एवं नर्वदेश्वर डूबने लगे। नाले के किनारे खड़े अन्य बच्चे शोर मचाने लगे। जबतक लोग मौके पर पहुंचे देर हो चुकी थी। दोनों बच्चे पानी में डूब गए। अन्य दोस्त पानी से बाहर निकल गए। स्वजन अनहोनी की आशंका में परेशान हैं। अपने कलेजे के टुकड़े को खोने के भय से परिवार वालों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया है। नदी में डूबे दोनों बच्चे कक्षा पांच में के छात्र हैं। घटना की सूचना मिलते ही रुद्रपुर के एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, सीओ जिलाजीत चौधरी और कोतवाल नवीन कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए हैं। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों की तलाश की जा रही है। उधर कुर्ना नाले के तट पर आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमी हुई है। एसडीएम ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों की तलाश कराई जा रही है।



## सपा के महासम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला, जूता फेंका, अखिलेश बोले- भाजपा ने करवाया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में एक युवक ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला कर दिया। उसने स्वामी प्रसाद पर जूता भी फेंका। इससे सम्मेलन में हंगामा मच गया। सपा कार्यकताओं ने युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। युवक की पहचान आशीष सैनी के रूप में हुई है। उसका कहना है कि वह हिंदू धर्म के बारे में की गई स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों से आहत था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर विभूतिखंड थाने ले गई है। हमला करने वाला युवक वकील के वेशभूषा में था। इस हमले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जितने भी इस तरह के मसले हो रहे हैं उसमें बीजेपी शामिल है। अभी आपने घोसी का देखा था जिसमें इंक लगा दी गई, जब जानकारी मिली उसमें भी भाजपा के लोग शामिल थे। लोग जागरूक हो गए हैं और अपने हक के लिए खड़े हो गए हैं इसलिए भाजपा के लोग ध्यान भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा क्या करेगी चुनाव से पहले किसको पता, कुछ भी होगा। ये सरकार एक कंपनी को हायर करके अपने झूठ को सच बनाना चाहती है। वो नंबर 1 सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि वो मीडिया को नंबर 1 दे रहे हैं। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी पार्टी की तरफ से पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान ही युवक ने स्वामी प्रसाद की तरफ जूता फेंका और उन पर हमला कर दिया जिससे वहां हंगामा मच गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसे सपा कार्यकताओं से बचाकर विभूतिखंड थाने ले गई। मामले में पूछताछ की जा रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य बीते कुछ समय से हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी कर रहे हैं जिसके कारण वह सत्तारूढ़ दल भाजपा सहित कई धर्मगुरुओं के निशाने पर हैं। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाइयों पर सवाल उठाए और अनर्गल टिप्पणियां की हैं। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले वह भाजपा सरकार में मंत्री थे। हालांकि, चुनाव पूर्व वह सपा में शामिल हो गए थे।



## देशभर के सरकारी अधिकारियों को तलब करने के लिए दिशानिर्देश तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि न्यायालय द्वारा सरकारी अधिकारियों को तलब किए जाने को लेकर दिशानिर्देश तैयार किया जाएगा। वहीं, सरकार ने भी अधिकारियों को तलब करने को लेकर एक एसओपी पेश किया। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि लंबित मामलों में पारित अंतिम निर्णयों और अंतरिम आदेशों का पालन न करने से उत्पन्न होने वाली अवमानना कार्यवाही से निपटने के लिए प्रक्रियाओं का अलग-अलग सेट करना चाहिए। हम सरकारी अधिकारियों को तलब करने के लिए कुछ दिशानिर्देश तय करेंगे। लंबित मामलों और उन मामलों का विभाजन होना चाहिए, जिनमें निर्णय पूरा हो गया है। लंबित मामलों के लिए, अधिकारियों को बुलाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन एक बार जब निर्णय पूरा हो जाता है तो अवमानना शुरू हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट अदालत की अवमानना के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दो सरकारी अधिकारियों को तलब करने से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने 20 अप्रैल को उत्तर प्रदेश वित्त विभाग के दो सचिवों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया था, जिन्हें अवमानना मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर हिरासत में लिया गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने तत्काल सुनवाई के लिए अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा एक अभूतपूर्व आदेश पारित किया गया, जिसके द्वारा वित्त सचिव और विशेष सचिव (वित्त) को सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए सुविधाओं से संबंधित एक अवमानना मामले में हिरासत में ले लिया गया।

## संपादकीय

# 27 लाख बुजुर्गों के मामले न्यायालय में लंबित

भारत की न्यायालयों में 27 लाख से अधिक ऐसे मामले लंबित पड़े हैं। जो बुजुर्गों ने दायर कर रखे हैं। वह उम्र के ऐसे पड़ाव से गुजर रहे हैं। जहां कभी भी उनकी मृत्यु हो सकती है। ऐसे बुजुर्गों को तुरंत न्याय की जरूरत है। उन्हें खाने पीने रहने और स्वास्थ्य से संबंधित मामलों से जूझना पड़ रहा है। यह सारे मामले गुजारा भत्ता, पेंशन, किराएदार से मकान खाली कराने, संपत्ति के विवाद इत्यादि से जुड़े हुए हैं। इनमें करीब 7 लाख ऐसे मामले हैं। जिनमें बच्चों द्वारा मां-बाप को प्रताड़ित किया जा रहा है। वह अपना जीवन जीने के लिए न्यायालय की शरण में जाने के लिए विवश होना पड़ा है। पिछले 5 वर्षों से ज्यादा वक्त हो गया है। जब यह मामला दायर किए गए थे। लाखों मामले ऐसे भी दर्ज हैं, जो न्यायालयों में लंबे समय से लंबित हैं। इनमें अधिकांश मामले सिविल से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों को जल्द न्याय दिलाने के लिए 12 हाई कोर्ट और सभी निचली अदालतों को जल्दी सुनवाई करने के आदेश दिए थे। इसके बाद भी मुकदमों का त्वरित गति से निराकरण नहीं हो पा रहा है। उल्टे पिछले वर्षों में सात लाख मामले और भी बढ़ गए हैं। वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामलों की सुनवाई जल्द से जल्द हो, उन्हें जल्द न्याय मिलना चाहिए। जिला अदालतों और हाईकोर्ट में बुजुर्गों के मामले की जल्द सुनवाई हो। विशेष रुप से गुजारा भत्ता, पेंशन, किराएदार से मकान खाली कराने, बच्चों द्वारा प्रताड़ित किए जाने या देखरेख नहीं किए जाने के मामले, निश्चित समय सीमा पर निपटाने की व्यवस्था नहीं की जाती है। वर्तमान स्थिति में भारत में बुजुर्गों का जीवन काफी कठिन और नारकीय होता जा रहा है। बुजुर्गों का शरीर चलता नहीं है। वह भाग दौड़ नहीं कर सकते हैं। उनके पास आय का कोई जरिया नहीं होता है। वह दूसरों के ऊपर आश्रित होते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार ओर न्यायालय यदि बुजुर्गों को संवेदनशीलता के आधार पर उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं करेंगी,तो यह सभ्य समाज की निशानी नही है। उत्तर प्रदेश में 486128, महाराष्ट्र में 399684, कर्नाटक में 263118, बिहार में 248570, पश्चिम बंगाल में 151169, तमिलनाडु में 150125, केरल में 127201, राजस्थान में 108174, मध्य प्रदेश में 99879 और हरियाणा में 93068 मामले 14 अगस्त 2023 की स्थिति में न्यायालयों में लंबित हैं। न्यायालयों से बड़ी धीमी गति से प्रकरणों का निपटारा हो रहा है। नए प्रकरण तेजी के साथ बढ़ते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कई बार इस मामले में जिला अदालतों और हाईकोर्ट को निर्देश दे चुका है। बुजुर्गों के मामले जल्द सुनवाई कर निपटाए जाएं। लेकिन इसका कोई हल निकल नहीं पा रहा है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को एक निश्चित समय सीमा मे उम्र को ध्यान में रखते हुए फैसला कियाजाना चाहिए। ताकि भारतीय बुजुर्गों को उनके जीवनकाल में ही न्याय मिल सके।

## घर का ही दें ध्यान!



मिल रही सलाह ।
घर का ही दें ध्यान ।।
भटक रहे क्यों इधर उधर ।
गिर रहा सम्मान ।।
अपना घर सुधारें ।
फिर करेंगे बात ।।
नहीं समझते आप ।
बिछ रही बिसात ।।
घूमने और फिरने से ।
नहीं है बनता काम ।।
जो भविष्य का अनुभव ।
छिपा वहीं पैगाम ।।
दोषारोपण छोड़ कर ।
प्रगति राह निकालो ।।
आई बात खुद पर ।
अब तो जरा संभालो ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# भारत में तेज गति से बढ़ रही है नागरिकों की औसत आय

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति का असर अब देश के नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी देखने को मिल रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों की संख्या रिकार्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे। वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच निम्न स्तर की आय दशार्ने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दशार्ने वाली श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2047 के बीच निम्न स्तर की आय दशार्ने वाले नागरिकों में से 25 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दशार्ने वाली श्रेणी में शामिल हो जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी। इसका कारण यह बताया गया है कि देश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ अब आम नागरिकों की आय में वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है, जिसके चलते निम्न आय की श्रेणी के नागरिक उच्च आय की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं। दूसरे, आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, देश में आय कर विवरणियां दाखिल करने योग्य नागरिकों में



से केवल 22.4 प्रतिशत नागरिक ही आय कर विवरणियां दाखिल कर रहे हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 85.3 प्रतिशत होने जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष (2500 अमेरिकी डॉलर) आंकी गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 14.9 लाख रुपए प्रतिवर्ष (12,400 अमेरिकी डॉलर) होने जा रही है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आर्थिक कार्यक्रमों जैसे स्किल इंडिया आदि के चलते प्रति व्यक्ति आय में उक्त वृद्धि होने जा रही है। साथ ही, भारत के लिए कई नए क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स, स्पेस टेक्नॉलजी डिफेन्स के क्षेत्र, आदि में अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं और इन क्षेत्रों में भारत का दबदबा बढ़ने की सम्भावना है। दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से श्रमिकों का पलायन हो रहा है क्योंकि यह राज्य उद्योग प्रधान राज्य हैं। श्रमिकों के पलायन से इन राज्यों को सीधे सीधे लाभ हो रहा है क्योंकि इससे इन राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं इससे इन राज्यों से आय कर विवरणियां भी अधिक संख्या में फाइल हो रही हैं। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2012 में कुल आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों में से 84.1 प्रतिशत नागरिकों ने कर निर्धारित की जाने वाली राशि से कम राशि (शून्य कर देयता राशि) की आय कर विवरणियां फाइल की थीं जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 64 प्रतिशत हो गई है, इससे भी यह झलकता है कि अब नागरिकों की औसत आय में वृद्धि हो रही है।

चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रक्शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी कम्पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। चीन की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने इतना अधिक कर्ज लिया है कि अब इस कर्ज पर ब्याज चुकाने के लिए भी उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है। चीन में युवाओं की आबादी कम होकर बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है। चीनी युवाओं का ही चीन की अर्थव्यवस्था पर अब भरोसा नहीं रहा है। इस माहौल में विदेशी निवेशकों ने चीन में निवेश करने से मुंह मोड़ लिया है। अब विदेशी निवेशक जापान, ताईवान एवं भारत जैसे देशों की ओर रूख कर रहे हैं। जापान में चूंकि युवाओं की आबादी बहुत कम है एवं बुजुर्गों की आबादी अधिक होती जा रही है अतः विदेशी निवेश को सम्हालने की ताकत जापान में अब पहिले जैसे नहीं रही है। इसके साथ ही ताईवान एक छोटा देश है अतः अत्यधिक बढ़ी राशि के विदेशी निवेश ताईवान में करने की अपनी सीमाएं हैं। जबकि भारत में युवाओं की आबादी विश्व में सबसे अधिक है एवं भारत में उत्पादित वस्तुओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा उपभोग बाजार उपलब्ध है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब विदेशी निवेशकों को निवेश की दृष्टि से केवल भारत ही एक आकर्षण का केंद्र नजर आ रहा है। विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर पर पहुंच जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में 53 करोड़ नागरिक, कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) की श्रेणी में शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 72.5 करोड़ हो जाएगी। अर्थात, वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की कुल जनसंख्या का 37.9 प्रतिशत भाग ही कार्यशील जनसंख्या की श्रेणी में शामिल है जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही, कार्यशील जनसंख्या में से वित्तीय वर्ष 2023 में आय कर अदा करने की श्रेणी में 31.3 करोड़ नागरिक शामिल थे जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 56.5 करोड़ हो जाएंगे। यह वित्तीय वर्ष 2023 में कुल कार्यशील जनसंख्या का 59.1 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 78 प्रतिशत हो जाएगा। युनाईटेड नेशन्स के एक अन्य अनुमान के अनुसार भारत में कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2040 तक बढ़ती रहेगी एवं अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच कर इसके बाद घटनी शुरू होगी। वर्ष 2047 में भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का 22 प्रतिशत भाग ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहेगा। वर्ष 2047 तक भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का अधिकतम हिस्सा (78 प्रतिशत) उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत होगा जिससे इस वर्ग की औसत आय और अधिक तेजी से बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

# शिव की विचित्रता, सरलता एवं उत्कृष्टता

**डॉ. रीना मालपानी**

ओढ़रदानी, महेश्वर, रुद्र का स्वरूप सभी देवताओं से विचित्र है, पर यदि आप शिवशंभू की वेश भूषा का विश्लेषण करेंगे तो आपको शिव जीवन के सत्य का साक्षात्कार कराते दिखाई देंगे। यह शिव कपूर की तरह गौर वर्ण है, पर सम्पूर्ण शरीर पर भस्म लगाकर रखते है और दिखावे से दूर जीवन को सत्य के निकट ले जाते है। यह भस्म जीवन के अंतिम सत्य को उजागर करती है। अतः शिव शिक्षा देते है कि सदैव सत्य को प्रत्यक्ष रखें। यह शिव जटा मुकुट से सुशोभित होते है। जिस प्रकार शिव जटाओं को बाँधकर एक मुकुट का स्वरूप देते है वह यह शिक्षा देती है की जीवन के सारे जंजालों को बाँधकर रखों और एकाग्र होने की कोशिश करों, समस्याओं के जाल को मत फैलाओं। उसे समेटने की कोशिश करों। वे किसी भी प्रकार का स्वर्ण मुकुट धारण नहीं करते अतः मोह माया से शिव कोसों दूर है। शिव के आभूषण में भी सोने-चाँदी को कोई भी स्थान नहीं है। वे विषैले सर्पों को गलें में धारण करते है, अर्थात वे काल को सदैव स्मरण रखते है।



हर-हर महादेव के सम्बोधन के साथ हम महादेव से अपने हर दुःख और बाधाओं को हरने की प्रार्थना करते है। शिव तो क्षण भर में प्रलय कर सकते है और वही शिव विश्व के कल्याण के लिए नीलकंठ स्वरूप में सुशोभित होते है। शिव तो व्यक्ति का प्रारब्ध भी बदल सकते है, क्योंकि शिव के सामान कोई दाता ही नहीं है। ऋषि-मुनि, देव-दानव, यक्ष, गन्धर्व सभी महादेव के लिंग स्वरुप की आराधना करते है। यह लिंग स्वरुप हमें ज्ञान देता है कि शिव में भी ब्रह्माण्ड समाहित है। शिव आदि, अनंत और अजन्मा है। यदि हम अविरल भक्ति भाव से शिव की आराधना करें तो हम भी आनंद स्वरुप बन सकते है। शिव तो सबकुछ त्यागकर केवल योग साधना में ही लीन रहते है। हमें अपनी अंतर्मय दृष्टि को शिवमय बनाना होगा। तब यही शिव हमें सत्य का दर्शन कराएंगे।

शिव यह भी ज्ञान देते है की वे निराकार, अजन्मा, अविनाशी और अनंत है। शिव की सरलता का तो कोई पार ही नहीं है। वे तो अपने भक्त को कहते है जो कुछ भी सहजता से उपलब्ध हो वही मुझे अर्पित कर दो। मेरी भक्ति के लिए कोई बाध्यता ही नहीं है। भावों की माला से यदि जलधार भी चढ़ाओंगे तो वह भी मुझे स्वीकार्य है। सच में शिव कल्याण का ही दूसरा नाम है जो केवल दिखावे से दूर, आडंबर से मुक्ति, सत्य से साक्षात्कार और एकाग्र होकर राम नाम में रमण करने के प्रेरणा देते है। तो आइये शिव के प्रिय माह और प्रिय वार अर्थात सावन सोमवार को भावों की माला से शिव को भजने का प्रयास करें।

शिवजी का लिंग रूप अनेकों श्रंगार से भी सुशोभित होता है और शिव शंभू तो मात्र जल, बिल्वपत्र, धतूरा और भक्त के भाव से ही शीघ्र प्रसन्न हो जाते है। यह लिंग स्वरूप हर जगह विद्यमान है। आकाश, पाताल और मृत्युलोक सर्वत्र यह लिंग रूप वंदनीय है और अपनी अभीष्ट इच्छा को पूर्ण करने के लिए भक्तो के लिए सर्वत्र उपलब्ध है। यही शिव शंभू ज्योतिर्लिंग स्वरूप में भी भक्तों के लिए प्रत्यक्ष विराजमान है। इस लिंग रूप की आराधना और अर्चना के लिए कोई मुहूर्त और कठोर नियम नहीं है। सृष्टि की सबसे अनुपम जोड़ी शिवशक्ति इसी लिंग रूप में सुशोभित होती है। यह लिंग रूप मंदिरों तथा पीपल और वट वृक्ष के नीचे भी ध्याया जाता है। शिव पूजन में कोई समय सीमा और आडंबर नहीं है। जैसे योगीश्वर शिव सदैव ध्यानमग्न रहते है, यही संदेश वह अपने भक्तों को भी देते है और कहते है बिना किसी आडंबर के सिर्फ और सिर्फ मेरा सुमिरन और पूजन करें। कलयुग में तो नाम संकीर्तन को ही प्रमुख बताया गया है। तो क्यों न हम भूत भावन महेश्वर की लिंग रूप में आराधना कर सावन माह में श्रेष्ठ फल पाने की ओर अग्रसर हो। यह लिंग स्वरूप तो मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का भी क्षय कर देता है। लिंगाष्टकम स्तुति में शिव के इसी रूप की महिमा का वर्णन है।

भक्तवत्सल शिव तो करुणा का रूप है, वे ही पालनकर्ता है। श्रावणमास में समस्त सृष्टि उनके ही आदेश स्वरुप क्रियाओं का क्रियान्वयन करती है। शिव तो भव से पार लगाने वाले मुक्ति का द्वार है। भय और मृत्यु से निर्भीकता प्रदान करने वाले महाँकाल के चरणों में यदि कोई ध्यान लगा ले तो भोलेनाथ उसके मनोरथ सहज ही पूर्ण कर सकते है, पर हम ईश्वर का द्वार समस्त रास्ते बंद हो जाने पर खटखटाते है जबकि ईश्वर पर हमारा विश्वास अडिग होना चाहिए, क्योंकि प्रभु तो प्रत्येक प्राणी पर दया और कृपा ही करते है। शिव तो सदैव अंतमुर्खी होने की प्रेरणा देते है। वे तो मान-अपमान, यश-अपयश, मोहमाया से कोसों दूर है। शिव का पूजन-अर्चन तो मनुष्य को घोर पापों से मुक्ति दिलाता है और श्रावणमास तो शिव को प्रसन्न करने का सबसे सुलभ मार्ग है।

# मुझसे बोलती और बतियाती प्रकृति

**प्रभुनाथ शुक्ल**

प्रकृति किसी से कुछ लेती नहीं वह सिर्फ देती है। शायद इसी सिद्धांत का पालन नदी और फलों से लदे वृक्ष करते हैं। वृक्ष कबहुँ न फल भखै, नदी न संचय नीर, परमार्थ के कारने साधुन धरा शरीर। प्रकृति मुझसे कुछ लेती नहीं है। वह अपना सब कुछ मुझे लौटाना चाहती है। फल के रुप में मिठास, फूलों के रूप में सुंदरता, नदी और झरने के रूप में जल। चिड़ियों के रूप में चहचहाहट। पेड़ में लगे फल में चिड़िया चोंच मारकर मधुरता का आनंद लेती है। घोंषले में चीं-चीं करते बच्चों को भी इस स्वाद का दिलाती है। उसकी तीखी चोंच की पीड़ा सहने के बाद भी प्रकृति यानी फल-फूल लूट जाना चाहते हैं। जैसे समर्पण ही उसकी नियति है।

शायद, प्रकृति के साथ हमने जीना छोड़ दिया है। मेरे आंगन के आहाते में एक अमरूद का एक पेड़ है। बेहद खूबसूरत और मासूम सा। कितना कोमल अंकुरण था उसका, लेकिन समय के साथ अब वह तरुण हो गया है। चिलचिलाती धूप में हमने उसके तने को शीतल जल से सींचा। उसकी निराई और गुणाई की। अब वह समझने लगा है अपनी जिम्मेदारियों को। बारिश आने से पहले ही उसकी टहनियों में सुंदर सफेद फूल आ गए थे। बाद में फल भी उसमें आ गए। बारिश आई तो फलों ने बड़ा आकार लिया। अब वह मीठा फल देने लगा है। वह मेरी मेहनत का दाम लौटने लगा है। जैसे वह मेरा ऐहसान नहीं लेना चाहता। आंगन का आमरूद हो या बागों के फलदार दूसरे पेड़-पौधे सब परोपकारी है। वह सब कुछ लुटाने को तैयार है। वह हमें संदेश देते हैं



कि तुम मेरे लिए थोड़ा सा करो मैं तुम्हारी जिंदगी और पीढ़ियों के लिए करूँगा। मैं तुम्हें फल दूंगा, शीतल छांव दूंगा। लकड़ियां दूंगा। तुम्हें जिंदगी का अनुभव दूंगा। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कैसे बने रहना है वह मंत्र भी दूंगा। प्रकृति कभी उदास होना नहीं सीखाती। तपसी धूप, महाप्रलय सी बारिश या कड़ाके की शीत सब में मुस्कुराती है। वृक्ष भी मुस्कुराता है। जब उसकी डालियों में मीठे फल आते हैं तो वह इतराता नहीं खुद झुक जाता है। लोगों को बुलाता है कि आओ और मुझे तोड़ लो। वह संदेश देता है मैं तुम्हारे और संसार के दूसरे प्राणियों के लिए जीता हूँ। तुमने मुझे पालपोष कर बड़ा किया है। फिर मैं तुम्हें कैसे भूल सकता हूँ। लेकिन क्या इंसान ऐसा करता है। सब कुछ होने के बाद हम कितने अजनबी और अकेले हैं।

मेरे बगीचों के फल और पेड़ पौधे मुझसे कहते हैं कि तुमने तो मुझे सब कुछ दिया। तुम्हीं ने तो मुझे पालपोष कर इतना बड़ा किया। कौन था मेरा जो मुझे पालता। भीषण गर्मी में सूखती मेरी जड़ों में तुमने शीतल जल से सींचा। अपनी संतान की तरह मेरी कताई -छटाई किया। मुझे खाद के रूप में पोषक तत्व दिया। फिर मैं तुझे भूल पाऊंगा क्या। अब तो मेरा वक्त आ गया है, जब मैं तुम्हारे लिए करूँ। तुम कभी हारना नहीं, अरे हाँ ! थकना भी नहीं। छोड़ो कल की बातें। कल का बोझ क्यों उठाए रहते हो। वर्तमान में जीना और उसी को बेहतर बनाना सीखो। जब वर्तमान बनेगा तो भविष्य अपने आप बन जाएगा। कल को किसी ने देखा नहीं है। फिर जिसे तुमने देखा नहीं, जाना नहीं और जिया नहीं उसके बारे में व्यर्थ की चिंता क्यों करते हो। कल तूफान आएगा तो मेरा अस्तित्व मिटा देगा। फिर क्या मैं तूफान की चिंता में वर्तमान को ही मार डालूँ। आज तुम्हें मैं जो दे रहा हूँ वह क्या दे पाऊंगा ? कल की बातें छोड़ो सिर्फ वर्तमान में जियो। प्रकृति मुझसे बात करना चाहती है। वह कहती है तुमसे बतियाने का खूब मन करता है। देखो, दुनिया कितनी बदल गई है ना, सबको तो बस अपनी ही पड़ी है। कोई दूसरे की सुनता ही नहीं, कोई दूसरे को पढ़ता ही नहीं। कोई दूसरे को जानता ही नहीं। आओ मैं और तुम अपने मन की बातें करते हैं। दोस्त जिंदगी को एक मुस्कुराता हुआ गुलदस्ता बनाओ। जब फुर्सत मिले थोड़े मुस्कुराते जाओ। देखो जिंदगी कितनी आसान और हसीन हो जाएगी। मैं चाहता हूं जब तुम थक जाओ, जब तुम हार जाओ तो मेरी तरफ देख लिया करो। मैं तुम्हारा हौसला और संकल्प हूं। मैं तुम्हारा प्रकल्प हूँ। जीवन जीने का रास्ता भी हूँ। तुम कभी प्रकृति की तरफ देखते ही नहीं। वह संदेश देती है, लेकिन तुम उसे अनसुना कर देते हो। वह तुम्हें संभालती है। जीवन पथ पर तुम्हारे संकल्पों की याद दिलाती है। फिर भी दीवानगी में तुम उसे भूल जाते हो। देखो ! मैंने अपने संकल्पों को जिया है। कल मैं एक नन्हा सा बीज था आज एक पेड़ हूँ। मेरे भीतर का संकल्प मर जाता तो मैं शायद अंकुरित ही न हो पाता। फिर इतना विशाल वृक्ष नहीं बनता। तुम अपने संकल्प को जिंदा रखो। परिस्थितियां तुम्हारी कितनी भी प्रतिकूल हों, लेकिन तुम उन्हें संघर्षों से अनुकूल बनाओ। जीवन के उल्लास और उमंग को कभी मरने मत देना। मैं तुम्हारे आंगन का वहीं बीज हूँ जिसे तुमने खुद अपने हाथों से धरती में डाला था। कल तक तुम्हें भी इतनी उम्मीद नहीं थी कि मैं इतना बड़ा हो जाऊंगा। बस! कभी हारनामत। जब थक जाना तो मेरे शीतल छांव में आ जाना और थोड़ा सा मुझसे बतिया लेना। फिर आओ इस सावन में शिव के साथ जुड़ों शिव यानी सत्य। सत्य यानी सुंदर और सुंदर यानी प्रकृति। फिर चलते जाना, चलते जाना दूर तलक उस क्षितिज के पार जहां एक नई सुबह एक उम्मीद के और संकल्प लेकर खड़ी है।

## खट्टर-मधुर भंडारकर की मुलाकात



नई दिल्ली (वार्ता)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता तथा विख्यात फिल्म निर्माता एवं निर्देशक मधुर भंडारकर के बीच रविवार को यहां मुलाकात हुई जिसमें हरियाणा में फिल्मों की शूटिंग की अपार सम्भावनाओं व इससे उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों को लेकर बातचीत हुई।

खट्टर ने हरियाणा की फिल्म नीति को लेकर भंडारकर को बताया कि राज्य में सिनेमा का विकास करने और फिल्म मैत्री वातावरण सृजित करने के लिए यह नीति बनाई गई है। यह नीति फिल्म निर्माताओं और प्रोडक्शन हाउस को आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई है तथा इसमें कई प्रकार के प्रोत्साहन की पेशकश की गई है। नीति का लक्ष्य हरियाणा को फिल्म निर्माताओं के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना और फिल्म से सम्बंधित गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देना है। इस अवसर पर भंडारकर ने सिनेमा जगत के लिए हरियाणा में अपार सम्भावनाओं को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कला और रचनात्मक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि इससे विभिन्न फिल्म-सम्बंधित विषयों में रोजगार के कई अवसर पैदा हो सकते है।

## खंडहर होती जा रही आल्हा ऊदल के गुरु की मजार

■ महोबा (वार्ता)।



वीर भूमि महोबा में रणबांकुरे आल्हा-ऊदल के गुरू ताला सैय्यद की मजार अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। वीरभूमि के ऐतिहासिक कजली मेला में जुटने वाली लाखों की भीड़ एक तरफ रण बांकुरे आल्हा ऊदल का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करती है तो उनके प्रशिक्षक रहे ताला सैय्यद की मजार में हाजिरी दे सामाजिक सद्भाव और भाईचारा कायम रहने की दुआएं करती है। हालांकि देखरेख के अभाव में सदियों पुराना पुरातात्विक महत्व का संरक्षित स्मारक 'ताला सैय्यद की मजार' अब बेहद जीर्णशीर्ण हो अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।

बुंदेली धरती के शूरवीरों आल्हा-ऊदल के प्रशिक्षक व मार्गदर्शक ताला सैय्यद असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी थे। वीरभूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रवक्ता डा एलसी अनुरागी बताते है कि वह मूल रूप से गोरखपुर जिले में ताली गांव के निवासी थे और युद्ध कला में खास निपुण होने के चलते वह वाराणसी नरेश के सैन्य बल का प्रमुख हिस्सा थे। ताला सैय्यद के महोबा आगमन को लेकर कथा दिलचस्प है। जिसके मुताबिक किसी बात पर वाराणसी नरेश से मनमुटाव होने पर वह जब नौकरी की तलाश में कन्नौज जा रहे थे। तभी बिठूर मेले में उन्हें जानकारी हुई कि माहिल के उकसाने पर राय करिंगा ने महारानी मल्हना के नौलखा हार को प्राप्त करने के लिए महोबा पर आक्रमण कर दिया है। इस पर ताला सैय्यद ने त्वरित निर्णय ले महोबा की चन्देल सेना के पक्ष से युद्ध लड़ा और अप्रतिम वीरता प्रदर्शित कर राय करिंगा को मार भगाया।

जगनिक शोध संस्थान के सचिव डा वीरेंद्र निर्झर बताते है कि राय करिंगा से हुए युद्ध मे ताला सैय्यद के शौर्य और पराक्रम ने चन्देल नरेश परमाल को काफी प्रभावित किया। यही वजह रही कि परमाल ने तब उन्हें अपने राज्य में आश्रय दे युवा सैनिकों आल्हा -ऊदल,मलखान,ढेबा आदि को युद्ध कला में पारंगत करने की अहम जिम्मेवारी सौपी। इतिहास गवाह है कि ताला सैय्यद का प्रशिक्षण पाकर ही आल्हा और ऊदल परम प्रतापी योद्धा बने और उनके नेतृत्व में चन्देल सेना ने पचास से अधिक युद्धों में विजय श्री प्राप्त की।

डा निर्झर ने बताया कि ताला सैय्यद ने चन्देलों की ओर से अनेक लड़ाइयों में भाग लिया। उरई के निकट बैरागढ़ के युद्ध मे वह वीरगति को प्राप्त हुए थे। तब आल्हा उनके शव को युद्ध भूमि से उठाकर महोबा लाये थे। उन्हें कीरत सागर से सटी पहाड़ी में दफनाया गया था।

इतिहासकारों की मानें तो ताला सैय्यद को बुंदेलों ने धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर रखा है। उन्हें राष्ट्र प्रेमी व त्याग और बलिदान के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली। इसी के चलते महोबा में सावन के मौके पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कजली मेले के अवसर पर उन्हें आल्हा-ऊदल के समानांतर दर्जा देते हुए याद किया जाता है।

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक होने के कारण ताला सैय्यद की मजार में किसी प्रकार का काम कराया जाना मुश्किल है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को स्मारक के खंडहर में तब्दील होने की चिंता से अवगत करा दिया गया है।

## किस तरह रखें बुजुर्गों का ख्याल

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है। इसकी घोषणा पहली बार 1990 में 14 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इस दिवस की वृद्ध लोगों को प्रभावित करने वाले कारकों और उनके मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरुआत की गई है जिनमें बढ़ती उम्र के साथ सेहत में गिरावट और बुजुर्ग लोगों के साथ दुर्व्यवहार शामिल है।

आयु बढ़ने के साथ बुजुर्गो में कई बीमारियां बढ़ने की सम्भावना हो? जाती है एक तरफ तो शरीर की इम्यूनिटी भी कम होने लगती है साथ ही रक्तचाप, मधुमेह डिमेन्शिया व अन्य बीमारियां भी शरीर को ज्यादा प्रभावित करने लगती है। बुढ़ापे की उम्र में कई तरह के नकारात्मक ख्याल ज्यादा आते है जिसका शारीरिक व मानसिक रूप से प्रभाव पड़ता है। चिकित्सक सलाह देते है कि ऐसे में उन्हें सकारात्मक बनाए रखना है। इसके लिए बुजुर्गों को प्यार और सम्मान देकर सकारात्मक बनाये रखा जा सकता है।

सहारा हास्पिटल में श्री सिंह ने बताया कि हमें बुजुर्गों का मन खुश रखना होगा। घर के बड़े-बूढ़ों को तकनीक समझानी है। एक शोध में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, यदि आप बहुत जल्दी चिंतित हो जाते है और चिंता से पीछा छुड़ाना चाहते है, तो हर दिन अपने पसंदीदा खेल को जरूर खेलिए व छोटे बच्चों के साथ अपना समय बिताएं।

साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपने बुजुर्गो को बीमारियों से बचाकर रखना है। देखा जाए तो उम्र के इस पड़ाव पर उनका किसी न किसी बीमारी से ग्रसित होना स्वाभाविक है फिर चाहे वह डायबिटीज हो या हाई ब्लड प्रेशर।



श्री अनिल विक्रम सिंह
सीनियर एडवाइजर
सहारा इंडिया परिवार

### ध्यान देने योग्य बातें

- अपनी सोच को सकारात्मक बनाए व खुश रहने की कोशिश करें
- घर के भीतर आसान तरीके से होने वाले योग और कुछ समय व्यायाम भी करते रहें
- घर का बना पौष्टिक भोजन लें और इम्यूनिटी मजबूत बनाए रखने के लिए ताजा फल सब्जियां व तरल पदार्थ लें
- संक्रमण से अपने को बचाए रखें
- भीड़ भाड़ वाली जगहों पर नहीं जाना चाहिए
- छींक या खांस रहे लोगों से दूरी बनाकर रहें
- रेगुलर चेकअप के लिए सजग रहें व अपने डॉक्टर से सम्पर्क करके समय पर दवाई लें

बुजुर्गो की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, ऐसे में यह वायरस उन पर आसानी से हमला कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बचाव के लिए बुजुर्गो का शारीरिक तौर पर ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। सबसे जरूरी यह है कि बुजुर्गो का इम्यून सिस्टम दुरुस्त रहे। उनकी डाइट में पोषक तत्वों से भरा खाना शामिल करें। समय पर नाश्ता, लंच और डिनर दें, ध्यान रखें कि वे भरपूर नीद लें। 65 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गो की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए तरल डाइट दी जानी चाहिए, इसके लिए तुलसी, सौफ, इलायची और जीरे का पानी लें। इससे पाचन शक्ति बढ़ेगी और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। डिटॉक्सीफाई करने के लिए सब्जियों के जूस लें। उनके साथ बैठना, साथ बैठ कर खाना खाना जरूरी है। उनके स्वास्थ्य के लिए किसी तरह की कोई



लापरवाही नही करनी है।

सहारा इंडिया परिवार के सीनियर एडवाइजर श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक सहाराश्री जी ने हमेशा से सभी के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, विशेषकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में बुजुर्ग व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाती रही है, ई रिक्शा सेवा की सुविधा, व्हील चेयर व , उनके लिए अलग से रजिस्ट्रेशन काउंटर सुविधा प्रदान करवाने में बुजुर्गो को प्रथम प्राथमिकता इसी कड़ी में दी गयी सेवाएं है। इसी उद्देश्य से सहारा हास्पिटल में कोरोना के प्रोटोकाल में भी इसका शत प्रतिशत पालन किया गया और समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है और कई हेल्थ चेकअप के आफर भी सहारा हॉस्पिटल में वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए दिए जाते है।

## बीज, जूट के आभूषणों ने दिलाई प्रसिद्धि

■ जमुई (आईएएनएस)।



कहा जाता है कि कठिन रास्तों से कभी ना घबराएं, क्योंकि कठिन रास्ते हमेशा खूबसूरत मंजिल की ओर लेकर जाते हैं। अगर दृढ निश्चय हो और समर्पण भाव से किसी भी काम में लगा जाए तो मंजिल पाना मुश्किल नहीं है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जमुई के एक छोटे से गांव की रहने वाली महिला संगीता देवी ने। संगीता देवी समस्याओं से लड़ते हुए आगे आकर आज खुद न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं बल्कि गांव की 15 से 18 महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही हैं।

जमुई के खैरा प्रखंड के प्रधानचक गांव की रहने वाली संगीता देवी का परिवार करीब दस साल पहले रोजी रोजगार के लिए कड़ी मेहनत कर रहा था। इस दौरान उनका परिवार पटना पहुंच गया। उनके पति ने कई छोटी-छोटी नौकरियां की, लेकिन समस्याएं आती रही। इसी जद्दोजहद में संगीता ने जूट और बीज से आभूषण तैयार करने का फैसला लिया। इस दौरान उन्होंने इससे गहने बनाने का प्रशिक्षण लिया। अभी वह इस कार्य में दक्ष हो ही रही थी कि पारिवारिक कारणों से इन्हें पटना छोड़ना पड़ा और वापस गांव लौट गई। लेकिन जीवट की धनी संगीता ने हार नहीं मानी। गांव पहुंचते ही संगीता ने मोर्चा संभाला। जूट के आभूषण बनाने में प्रशिक्षित होने के बाद, उन्होंने एक रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया और पौधों के बीजों का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल आभूषण तैयार करने में अपनी प्रतिभा का उपयोग किया। संगीता बताती हैं कि स्थानीय रूप से प्रचुर मात्रा में उपलब्ध वनस्पतियों जैसे कि शिवलिंग, सिन्दूर, पितौंझी, वैजयंती और अशोक से प्राप्त बीजों का उपयोग कर आभूषण तैयार करती हैं, जिसमें जूट के कपड़ों का प्रयोग किया जाता है।

इन गहनों ने स्थानीय बाजार में उल्लेखनीय बदलाव लाए हैं। आज संगीता खुद तो आत्मनिर्भर हैं ही, अन्य 15 से 18 महिलाएं भी उनके यहां इस काम में लगी हैं। उन्होंने बताया कि इन आभूषणों की कीमत 20 रुपये से 1,000 रुपये तक होती है, जो इन्हें सभी के लिए किफायती बनाती है। उन्होंने बताया कि ये आभूषण न केवल पारंपरिक आभूषणों से अलग प्रकृति के अनुकूल हैं बल्कि अपराधी भी इन आभूषणों को निशाना नहीं बनाते। दूसरी तरफ ये आभूषण खूबसूरत भी दिखते हैं। संगीता बताती हैं कि इन दिनों बरसात के मौसम में खेती के काम की व्यस्तता के कारण आभूषण बनाने का काम कुछ कम हुआ है। संगीता ने बताया कि कुछ सामान कोलकाता से मंगवाना पड़ता है। इन गहनों की खासियत यह है कि इसमें कई प्रकार के बीज इस्तेमाल में लाए जाते हैं। गहनों के इस्तेमाल के बाद उसे उतार कर फेंक भी दिया जाए तो उन बीजों से पौधे निकल आएंगे। इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

## 'निरहुआ' '42 बलिया विद्रोह' पर फिल्म बनाएंगे



बलिया (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने कहा है कि वह स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया की भूमिका को उजागर करने के लिए 1942 के बलिया विद्रोह पर एक फिल्म बनाएंगे। आजमगढ़ से भाजपा सांसद 'निरहुआ' ने शनिवार की रात्रि जिला मुख्यालय पर संवाददाताओं से कहा, 'बचपन से ही बलिया के बागीपन को सुनता आया हूं। स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया की ऐतिहासिक भूमिका रही है। असंख्य वीरों ने अपनी आहुति दी थी तथा देश को आजादी मिलने से पांच साल पहले ही बलिया को आजाद करा दिया था।'

## जोगपाल ने एक दशक में 5,600 सांपों को बचाया

चंडीगढ़ (भाषा)। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के रहने वाले पवन जोगपाल को सांप ने एक-दो बार नहीं, बल्कि 10 बार डसा है, फिर भी सांपों को बचाने के उनके जुनून में कोई कमी नहीं आई है।

भट्टू कलां गांव के रहने वाले जोगपाल (28) ने बताया कि वह लगभग एक दशक से सांपों को पकड़ रहे हैं, जो ग्रामीण इलाकों में लोगों के घरों या अन्य जगहों पर घुस जाते हैं। जोगपाल ने दावा किया कि उन्होंने 5,600 से अधिक सांपों को बचाया है और अब तक सांप ने उन्हें 10 बार डसा है। उन्होंने बताया, हाल ही में मैंने फतेहाबाद जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल के पास के एक खुले क्षेत्र में नाग के बच्चे को पकड़ा था। वहां मुख्यमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले थे। जोगपाल ने बताया कि हाल में आई बाढ़ की वजह से कई इलाकों में पानी भर जाने के कारण पेड़ों पर आश्रय लेने वाले कई सांपों को भी उन्होंने बचाया। उन्होंने बताया कि पकड़े गये सभी सांपों को जंगलों में छोड़ दिया जाता है। जोगपाल ने कहा, मैं 10 साल से भी अधिक समय से सांपों को बचा रहा हूं। उनमें से ज्यादातर ऐसे सांप हैं जो गांवों में लोगों के घरों और बगीचों में घुस जाते हैं।'



यह पूछे जाने पर कि सांपों को बचाने की प्रेरणा उन्हें कहां से मिली, उन्होंने कहा कि जब वह करीब 17 साल के थे, तब गांव में उनके घर में एक सांप घुस गया था। उन्होंने बताया कि जब पड़ोसी और वहां पहुंचे अन्य लोग सांप को मारने की कोशिश कर रहे थे, तब वह लोगों से सांप को नहीं मारने के लिए समझा-बुझा रहे थे। जोगपाल ने बताया, मैंने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच किसी ने सांप पर हमला कर दिया और उसे मार डाला। उस घटना ने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी। बाद में, मैंने डिस्कवरी चैनल देखना शुरू किया। सबसे पहले, मैंने छोटे सांपों को बचाना शुरू किया। मैंने इसके बारे में कई किताबें पढ़ीं और सांपों के बारे में जानकारी एकत्र की। उन्होंने कहा, अब मैं सांपों को आसानी से पकड़ सकता हूं। अब तक, मैंने 5,600 से अधिक सांपों को बचाया है। मुझे 10 बार सांप ने काटा है, जिसमें एक नाग भी शामिल है। नाग के डसने की वजह से मुझे दो दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।' उन्होंने बताया कि वह घायल अवस्था में मिलने वाले हर सरीसृप और पक्षियों को बचाते हैं।


जोगपाल ने बताया, लोग मुझे फोन करते हैं और मैं अपनी टीम के साथ वहां पहुंच जाता हूं। हम सांपों को पकड़ते हैं और उन्हें जंगलों में छोड़ देते हैं। जोगपाल ने कहा कि उनकी टीम में तीन और लोग हैं जो उनके लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम अपने साथ विशेष दस्ताने, लाठी, जूते, हुक और अन्य सुरक्षा सामग्री रखते हैं। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद जिला प्रशासन ने उन्हें और उनकी टीम की समाज सेवा की सराहना की है और उन्हें सम्मानित भी किया है। जोगपाल ने कहा, शुरुआत में, जब मैंने सांपों को बचाना शुरू किया और इसे पूर्णकालिक काम के रूप में करना शुरू किया, तब मेरा परिवार मुझे ऐसा करने से मना करता था। लेकिन अब उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। जोगपाल ने बताया कि वह सांपों के बारे में लोगों को जागरूक करने की भी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे क्षेत्र में, लोग अब सांपों को नहीं मारते हैं। अगर उन्हें सांप दिखता है, तो वे मुझे बुलाते हैं और हम उसे बचा लेते हैं। मैं लोगों से कहा करता हूं कि सांप केवल आत्मरक्षा में हमला करते हैं, जब उन्हें लगता है कि उनकी जान खतरे में है।

## रणबीर को खामोश देख फैंस का कयास एक्टर है बेहद परेशान

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड के पावर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को हाल ही में एयरपोर्ट पर देखा गया, जब वे रविवार को मुंबई से बाहर निकले। वीडियो में आलिया व्हाइट टॉप के साथ मैचिंग पैंट और ब्लू जैकेट में नजर आ रही थीं। जबकि, रणबीर ने ब्लू जैकेट, मैचिंग जॉगर्स और ब्लैक टोपी पहनी हुई थी। उन्होंने अपने लुक को व्हाइट स्नीकर्स से पूरा किया। कैमरे के लिए दोनों ने पोज दिए। कथित तौर पर, कपल छुट्टियां मनाने जा रहा है। वीडियो और फोटो को देख, फैंस ने कमेंट्स सेक्शन में लिखा, रणबीर से शादी के बाद आलिया की स्माइल कहां चल गई है। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, रणबीर हमेशा उदास क्यों दिखते हैं? अन्य यूजर ने लिखा, रणबीर को कैटरीना से शादी न करने का अफसोस है। वह बहुत उदास लग रहा है...कुछ तो गड़बड़ है। स्पष्ट रूप से वे इस समय खुश नहीं हैं।मुझे ऐसा क्यों लगता है कि दोनों आपस में मेल नहीं खाते। रणबीर और आलिया ने 14 अप्रैल, 2022 को मुंबई में अपने आवास पर शादी की। नवम्बर 2022 में उन्होंने अपनी बेटी राहा को जन्म दिया। वर्क फ्रंट में, आलिया को आखिरी बार रोमांटिक कॉमेडी पारिवारिक ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ देखा गया था। उन्होंने हाल ही में गैल गैडोट और जेमी डोर्नन स्टारर स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में भी अभिनय किया। रणबीर आखिरी बार श्रद्धा कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म 'एनिमल' है।



## खुशबू तिवारी और माही श्रीवास्तव का गाना रिलीज



मुंबई (वार्ता)। सिंगर खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी बोलबम गीत'चुड़िया हरियर हरियर'रिलीज हो गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गीत'चुड़िया हरियर हरियर'के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने के गीतकार अरविन्द आर्यन, संगीतकार विक्की वॉक्स, वीडियो निर्देशक जितेन्द्र जीतू, कोरियोग्राफर साहिल राज, एडिटर वीके प्रजापति हैं।

## हेमा को पसंद आई गदर 2



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिल्म गदर 2 बेहद पसंद आयी है।अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। हेमा मालिनी ने कहा कि जैसी उम्मीद थी, फिल्म गदर 2 बिल्कुल वैसी ही थी। फिल्म की सभी स्टारकास्ट ने अपना बेस्ट दिया है।ऐसा लग रहा था कि 70 और 80 का दौर लौट आया है। अनिल शर्मा जी इस फिल्म के जरिए पुराने दौर को फिर से लेकर आए है।

## कंगना ने की ऐश्वर्या की तारीफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो शेयर कर उन्हें फुल मून बताया है।कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर महिलाओं की खूबसूरती पर बात की और ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऐश्वर्या के साथ तृषा कृष्णन भी नजर आ रही है। कंगना ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,बॉलीवुड के गीतकारों ने सोलह साल की बाली उमरिया (युवा) के बारे में काफी कुछ लिखा है, लेकिन चालीस या पचास की उम्र वाली महिला में सेंसुअलिटी, सेक्सुअलिटी और सिडक्शन का इस्तेमाल करने असफल रहे, क्योंकि वह न केवल सुंदर है बल्कि स्मार्ट और अनुभवी भी है। ये एक शानदार कॉम्बिनेशन है। दो फुल मून।



## संक्षिप्त खबरें

### फर्नीचर परिसंघ से करार

नई दिल्ली भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) ने शनिवार को कहा कि उसने विश्व फर्नीचर परिसंघ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत फर्नीचर बनाने के लिए देश में आधुनिक औद्योगिक क्लस्टर स्थापित किए जाने हैं। फर्नीचर के लगभग 250 अरब अमेरिकी डालर के वैश्विक बाजार में भारत की बहुत कम हिस्सेदारी है। यूरोपीय संघ (ईयू) और चीन लगभग 100 अरब अमेरिकी डालर का फर्नीचर निर्यात करते हैं। सिर्फ अमेरिका 72 अरब अमेरिकी डालर के फर्नीचर का आयात करता है और वह सबसे बड़ा आयातक है।

### एफएमसीजी में बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं (एफएमसीजी) के उद्योग ने जून तिमाही में मुद्रास्फीति में कमी के चलते बिक्री बढ़ी और सकल मार्जिन में विस्तार देखा, जिससे चुनिंदा श्रेणियों में छोटी कंपनियों को भी बढ़ावा मिला। महंगाई बढने से बाजार खंड छोड़ने वाली कई छोटी कंपनियों ने वापसी कर ली है और स्थानीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को बढ़ा दिया है, जिससे कई बड़ी एफएमसीजी कंपनियों को कीमतों में बदलाव करना पड़ा है। आइसक्रीम और पेय पदार्थो की श्रेणियों को छोड़कर अधिकांश सूचीबद्ध एफएमसीजी इकाइयों ने घरेलू देखभाल, व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य व खाद्य उत्पादों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। यह पहली तिमाही में अप्रैल और मई की शुरुआत में बेमौसम बारिश से प्रभावित हुई थी।

### एक्सयूवी700 वापस मंगाई

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी एसयूवी, एक्सयूवी700 के इंजन में वायरिंग की दिक्कत का परीक्षण करने के लिए एक लाख गाड़ियां वापस मंगाई हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने आठ जून, 2021 से 28 जून, 2023 तक बनीं 1,08,306 एक्सयूवी700 के इंजन में तारों का परीक्षण करने के लिए वापस मंगाया है। कंपनी ने वायरिंग में घर्षण से कट लगने के संभावित खतरे के चलते यह कदम उठाया है। एमएंडएम ने कहा कि 16 फरवरी, 2023 से पांच जून 2023 तक बनीं 3,560 एक्सयूवी400 का भी परीक्षण किया जाएगा।

### बंदरगाहों की क्षमता बढ़ी

केवड़िया। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि सरकार ने देश की बंदरगाह क्षमता को मौजूदा 2,600 एमटीपीए (10 लाख टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 2047 तक 10,000 एमटीपीए से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के पास 19वीं समुद्री राज्य विकास परिषद की बैठक में कहा, "सरकार जल्द ही देश के सभी बंदरगाहों की सुरक्षा को उन्नत करने के लिए बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो की स्थापना करेगी।' (एजेंसियां)

# आपको करोड़पति बना सकता है GST बिल

## ■ सरकार जल्द पेश करेगी 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना

### ■ इस योजना में ऐप पर जीएसटी बिल अपलोड करने पर मिल सकता है एक करोड़ तक का इनाम

नई दिल्ली (भाषा)।

क्या आप जानते हैं कि जीएसटी बिल आपको करोड़पति भी बना सकता है। जी... हां... सरकार एक ऐसी योजना पेश करने जा रही है जिसके जरिए जीएसटी बिल को ऐप पर अपलोड करने वालों को एक करोड़ रुपए तक का नकद इनाम दिये जाने का प्रस्ताव है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आम लोगों को जल्द ही एक मोबाइल ऐप पर जीएसटी बिल/इनवायस अपलोड करने के लिए इनाम मिल सकता है।

सरकार बहुप्रतीक्षित 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना जल्द शुरू करने जा रही है। यह इनाम इसी योजना के तहत दिये जाने का प्रस्ताव किया गया है। फिलहाल इस योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही इस योजना को अमल में लाने का ऐलान हो सकता है। मामले से परिचित दो




अधिकारियों ने बताया कि चालान प्रोत्साहन योजना के तहत खुदरा या थोक विक्रेता से मिले बिल (इनवायस) ऐप पर 'अपलोड' करने वाले लोगों को मासिक/त्रैमासिक 10 लाख रुपए से एक करोड़ रुपए तक का नकद पुरस्कार दिया जा सकता है।

'मेरा बिल मेरा अधिकार' ऐप आईओएस और एंड्रॉयड दोनों मंच पर उपलब्ध होगा। ऐप पर अपलोड किए गए 'इनवायस' में विक्रेता का जीएसटीआईएन, इनवायस नंबर, भुगतान की गई राशि और कर राशि की जानकारी होनी चाहिए।

एक अधिकारी ने कहा कि एक व्यक्ति एक महीने में अधिकतम 25 बिल 'अपलोड' कर सकता है, जिसका प्रति बिल न्यूनतम मूल्य 200 रुपए होना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे जल्द जारी किया जा सकता है।

## वित्त आयोग का गठन नवम्बर के अंत तक संभव

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि सरकार को नवम्बर के अंत तक 16वें वित्त आयोग का गठन होने की उम्मीद है। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है।

आयोग अन्य बातों के अलावा इस बारे में भी सुझाव देगा कि एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर को किस अनुपात में विभाजित किया जाएगा। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, 'नवंबर के अंत तक वित्त आयोग का गठन होने की उम्मीद है, क्योंकि यह वैधानिक आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि आयोग के लिए संदर्भ की शर्तो (टीओआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले वित्त आयोग ने नौ नवम्बर, 2020 को पांच वित्त वर्षो यानी 2021-22 से 2025-26 के लिए रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौपी थी।

एनके सिंह के नेतृत्व में 15वें आयोग ने कर हस्तांतरण अनुपात 42 प्रतिशत पर रखा था। यह राशि 14वें आयोग के सुझावों के समान थी। केंद्र सरकार ने आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग ने राजकोपीय घाटा, संघ और राज्यों के लिए ऋण मार्ग और बिजली सुधारों के आधार पर राज्यों को अतिरिक्त कर्ज लेने की सिफारिश भी की थी।

# किसानों ने थोक बाजार में प्याज की बिक्री रोकी

## ■ निर्यात पर 40 फीसद शुल्क का कर रहे विरोध

मुंबई (भाषा)।

प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने के केंद्र के फैसले के विरोध में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में किसानों ने रविवार को प्याज की बिक्री रोक दी। अहमदनगर जिले की राहुरी तहसील में प्याज उत्पादकों ने थोक बाजार में प्याज की चल रही बिक्री रोक दी।

सरकार ने कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए शनिवार को प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था। प्याज पर 31 दिसम्बर 2023 तक प्याज पर यह निर्यात शुल्क जारी रहेगा। स्वाभिमानी शेतकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जगताप ने कहा, 'केंद्र सरकार का किसान विरोधी रुख एक बार फिर सामने आया है। महाराष्ट्र में किसान प्याज के निर्यात से अच्छे लाभ की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन लगाए गए शुल्क से अब यह संभव नहीं होगा। इससे घरेलू बाजार में कीमतें गिर जाएंगी और किसानों को नुकसान होगा।' जगताप ने कहा, 'केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए राज्य भर के थोक बाजारों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।' राहुरी में प्रदर्शन कर रहे एक किसान ने कहा, 'केंद्र को हमारी परेशानियों पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि निर्यात शुल्क ने व्यापारियों को एक संदेश भेजा है कि सभी उपलब्ध प्याज केवल घरेलू बाजारों में ही बेचे जाएंगे। व्यापारियों ने अब हमारी उपज के लिए कम कीमत बतानी शुरू कर दी है।'

लासलगाव कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सूत्रों के मुताबिक पिछले हफ्ते प्याज की कीमतों में करीब 45 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। एक व्यापारी ने कहा, 'दो हफ्ते पहले प्याज 1500 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था और एक हफ्ते में ही यह 2200 रुपए तक पहुंच गया पर अब कीमत कम होने लगी है।



# पर्यटन बढ़ने से होटल इंडस्ट्री में आएगा बूम

## ■ जीडीपी में उद्योग का योगदान 1000 अरब डालर होगा

नई दिल्ली (भाषा)।

घरेलू पर्यटकों की यात्राओं और अंतरराष्ट्रीय आगमन में उल्लेखनीय उछाल के चलते देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारतीय होटल उद्योग का प्रत्यक्ष योगदान 2047 तक 1000 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

होटल एसोसिएशन आफ इंडिया (एचएआई) और बेनोरी नॉलेज की 'विज़न 2047: इंडियन होटल इंडस्ट्री' रिपोर्ट के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद में होटल उद्योग का प्रत्यक्ष योगदान 2022 में 40 अरब डालर था और 2027 तक इसके 68 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह 2047 तक करीब 1000 अरब डालर तक पहुंच जाएगा। आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े निकाय के अनुसार क्षेत्र को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए आवास वृद्धि को महानगरों से आगे दो व तीन स्तर के शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक भी ले जाना होगा। हालांकि, रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि कुल योगदान में खाद्य व पेय, सैलून व स्पा जैसे संबंधित उद्योग क्षेत्रों की सेवाओं के पहलू शामिल है। इसमें सेवा बाजार की वृद्धि पर गौर नहीं किया गया। इसलिए इसमें परिदृश्य-आधारित योगदान अनुमान शामिल नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित वृद्धि का श्रेय जीडीपी वृद्धि और आय स्तर में वृद्धि, घरेलू पर्यटकों की आमद में वृद्धि और विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) जैसे कारकों को दिया जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू पर्यटक यात्राओं की संख्या 2021 में 67.7 करोड़ थी जिसके 2030 तक 1.5 अरब होने की उम्मीद है। वहीं 2047 तक इसके 15 अरब तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत में जहां तक विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) की बात है तो 2021 में 15 लाख से बढ़कर 2024 तक यह 1.5 करोड़ हो गई। 2030 तक इसके 2.5 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है और '2047 तक 10 करोड़ पर्यटकों के देश आने की उम्मीद है।'



## राष्ट्रीय ई-कामर्स नीति अंतिम चरण में

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा तैयार की जा रही प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कामर्स नीति अंतिम चरण में है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हितधारकों की राय जानने के लिए नीति का कोई नया मसौदा जारी नहीं किया जाएगा।


उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने दो अगस्त को प्रस्तावित नीति पर ई-कामर्स कंपनियों और घरेलू व्यापारियों के एक निकाय के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में प्रस्तावित नीति पर संबंधित हितधारकों के बीच व्यापक स्तर पर आम सहमति उभरी।

# सितम्बर से सस्ती हो सकती हैं सब्जियां

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार को उम्मीद है कि बाजार में नई फसलों के आने के साथ अगले महीने से सब्जियों की कीमतें कम होने लगेंगी। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कच्चे तेल के बढ़ते भाव को लेकर थोड़ी चिंता है, हालांकि यह अभी भी 90 डालर प्रति बैरल से नीचे है।

अधिकारी ने आगे कहा कि उत्पाद शुल्क में कटौती की योजना नही है। सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रही है, और निजी क्षेत्र के पूंजी निवेश में अभी तेजी आना बाकी है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र का पूंजीगत व्यय सितम्बर के अंत तक बजट अनुमान का 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। यह आंकड़ा जून तिमाही के अंत में 28 प्रतिशत था। सरकार ने 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय को 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया था। अधिकारी



आगे कहा कि छह फीसद बारिश की कमी से खरीफ की बुआई पर असर पड़ने की आशंका नहीं है, क्योंकि कृषि क्षेत्र काफी लचीला है। उन्होंने कहा कि सरकार मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रही है, जिसमें गेहूं और चावल के भंडार को जारी करना, चावल, चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और दालों तथा तिलहनों के आयात की अनुमति देना शामिल है।

अधिकारी ने बताया, 'कीमतों को नीचे रखने के लिए लचीली व्यापार नीति अपनाई गई है। हमें याद रखना चाहिए कि यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतें बहुत अधिक हैं और खाद्यान्न की आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह एक वैश्विक कारक है, जिससे भारतीय अलग नहीं रह सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने अपने लोगों को महंगाई से बचाने के लिए कदम उठाए है और दूसरों की तुलना में हम काफी बेहतर स्थिति में है।'

# कहीं प्याज ही न बन जाए चुनावी मुददा

नई दिल्ली।

टमाटर की बढ़ती कीमतों से देश भर में विपक्ष के निशाने पर आई सरकार को अब प्याज की बढ़ती कीमतों की चिंता सता रही है। यह चुनावी वर्ष है, कई राज्यों में भी आम चुनाव होने है, ऐसे में सरकार को यह चिंता है कि कहीं टमाटर के बाद अब प्याज ही चुनावी मुददा ना बन जाये।

यही कारण है कि सरकार ने प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के निर्यात पर डयूटी बढ़ाने के बाद सरकार ने अब प्याज के बफर स्टॅाक को भी 3 लाख मीट्रिक टन से बढाकर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है और 25 रुपये किलो की दर से प्याज बेचने का भी निर्णय लिया है।

देश भर में पिछले कुछ समय से जिस तरह टमाटर की कीमतें बढ़ी उससे सरकार को लगातार आलोचना का सामना करना पड़ा है। हालांकि टमाटर की कीमतें बढ़ने का बड़ा कारण बरसात होना तथा देश के कई हिस्सों में बाढ़ आना रहा है लेकिन इससे विपक्ष को बड़ा मुददा मिल गया और पिछले लगभग दो माह से आये दिन देश के किसी ना किसी हिस्से में टमाटर की कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन होते रहे है। सोशल मीडिया में भी टमाटर की तस्वीरों के सथ सरकार पर तंज कसे जा रहे है।

> प्यास की कीमतों पर नियंत्रित रखने के लिए सरकार ने शुरू किए प्रयास

बरसात व बाढ़ का असर प्याज की आवाजाही पर भी पड़ा है जिससे खुले बाजार में प्याज की कीमतें बढ़ने लगी है, देश में कई अवसर ऐसे आये जब प्याज की कीमतें विपक्ष के लिये बड़ा मुददा रही है, यही कारण है कि सरकार को यह चिंता सताने लगी है कि कहीं इस चुनावी वर्ष में विपक्ष के लिये प्याज ही बड़ा चुनावी मुददा ना बन जाये। प्याज प्रत्येक आम आदमी की रसोई की आवश्यकता है और प्याज की कीमतें आम आदमी की जेब पर सीधा असर डालती है, आम जनता को बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिये सरकार में उच्चस्तर पर इस बारे में मंथन शुरू हुआ है। इस मंथन के बाद ही सरकार ने प्याज के बफर स्टॅाक को 3 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है और बफर स्टॅाक से 25 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज बेचने का निर्णय लिया है। 3.00 लाख मीट्रिक टन के खरीद लक्ष्य को सरकार हासिल कर चुकी है, अब उपभोक्ता मामलों के विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ को प्रमुख उपभोग केंद्रों में खरीदे गए स्टॅाक के निपटान के साथ-साथ 2 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त खरीद करने को कहा है। बफर स्टॅाक से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेजा गया है और उपलब्धता बढ़ाने के लिए इसे लगातार जारी किया जा रहा है।

## कारपोरेटनामा

### 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का आयोजन



नई दिल्ली (वि.)। आजादी के 77 वर्ष के उपलक्ष्य में भारत सरकार के 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' आजादी के अमृत महोत्सवके तत्वाधान में पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र- द्वाराविभिन्नउपकेंद्रों एवं कार्यालयों में दिनांक नौ से पंद्रह अगस्त 2023 तक विविध प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों का गरिमामय ढंगआयोजन किया गया। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की शुरुआत उत्तरी क्षेत्र-, क्षेत्रीय मुख्यालय, फरीदाबाद से हुई। इस मौके पर ए. के. मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, ए.के. बेहरा, मुख्य महाप्रबन्धक ( ऐसैट प्रबन्धन) एवं अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में 'पंच प्राण शपथ एवं मिट्टी के वंदन" के साथ प्रारंभकीगई। इस उपलक्ष्य में "मेरी माटी मेरा देश अभियान"से संबन्धित बैनर, पोस्टर्स, रचनात्मकस्टैडिज का प्रदर्शन भी जनसंचार के लिए किया गया। पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय, उपकेंद्रों एवं कार्यालयों में सभी कर्मचारियों द्वारा"वसुधा वनधन" कार्यक्रम के अन्तर्गत देशी प्रजातियों के विविध प्रकार के पौधे लगाए गए एवं व्यापक रुप से वृक्षारोपण-कार्यक्रम का आयोजन भी पर्यावरण किया गया।

### टाइटन ने कैरटलेन में अतिरिक्त हिस्सेदारी ली

नई दिल्ली (भाषा)। ब्रांडेड आभूषण निर्माता टाइटन ने अपनी अनुषंगी कंपनी कैरटलेन में 27.18 प्रतिशत हिस्सेदारी और खरीद ली है। टाइटन ने बताया कि अब कैरटलेन में उसकी कुल हिस्सेदारी 98.28 प्रतिशत हो गई है। टाटा समूह के नियंत्रण वाली कंपनी ने शनिवार को शेयर खरीद समझौता करते हुए कैरटलेन ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड और उनके पारिवारिक सदस्यों से 91.90 लाख इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण कर लिया। कंपनी ने कहा, 'कैरटलेन टाइटन की अनुषंगी है और उपरोक्त शेयर खरीद के बाद कैरेटलेन में कंपनी की शेयरधारिता 71.09 प्रतिशत से बढ़कर 98.28 प्रतिशत हो जाएगी।' सौदे की कीमत पर टाइटन ने कहा कि वह कैरटलेन के 21.18 प्रतिशत इक्विटी शेयर के लिए वह 4,621 करोड़ रुपए चुकाएगी। कैरटलेन ट्रेडिंग एक गैरसूचीबद्ध कंपनी है और बीते वित्त वर्ष में उसका कारोबार 2,177 करोड़ रुपया रहा। यह कंपनी आभूषण विनिर्माण और बिक्री भी करती है। टाइटन को यह सौदा 31 अक्टूबर, 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसे अभी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मिलनी बाकी है।

### ओवीएल को तेल ब्लॉक के लिए विस्तार मिला

नई दिल्ली (भाषा)। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) को दक्षिण चीन सागर में स्थित वियतनाम ब्लाक में तेल और गैस की खोज के लिए तीन साल का विस्तार मिला है। यह तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विदेशी शाखा ओवीएल के लिए आठवां विस्तार है। ओएनजीसी ने यह जानकारी दी। तेल और गैस की खोज के लिए सातवां विस्तार 15 जून, 2023 तक था और कंपनी तीन साल के विस्तार के लिए वियतनामी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही थी। ओवीएल ने अन्वेषण चरण-1 के तीन साल के विस्तार के लिए नियामक पीवीएन को एक प्रस्ताव दिया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। कंपनी को पिछले 17 वर्षो से इस ब्लॉक में कोई भी व्यावसायिक रूप से उपयोगी तेल और गैस भंडार नहीं मिला है, लेकिन दक्षिण चीन सागर में भारत के रणनीतिक हित के कारण उसने वहां अपनी उपस्थिति जारी रखी है।

### P&SB का 2000 शाखाएं खोलने का लक्ष्य

नई दिल्ली (भाषा)। पंजाब एवं सिंध बैंक ने अपनी सेवाओं का विस्तार करने के मकसद से आने वाले तीन वर्षों में देश में 2,000 शाखाएं और इतने ही एटीएम खोलने का लक्ष्य रखा है। पंजाब एवं सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने बताया कि बैंक के चालू वित्त वर्ष में 50 शाखाएं खोलने की योजना है, जिससे उसकी कुल शाखाओं की संख्या 1,600 से अधिक हो जाएगी। बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष में 28 शाखाएं खोली, जिससे उसकी कुल शाखाएं 1,555 हो गई। साहा ने कहा, ' मार्च 2026 तक कुल शाखाएं 2,000 से अधिक होंगी। बैंक अभी देश के 319 जिलों में मौजूद है। देश के प्रत्येक जिले में इसकी शाखाएं स्थापित करने की योजना है। दो व तीसरे स्तर के शहरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और हम उन जगहों पर उपस्थिति का विस्तार करेंगे जहां बैंक की मौजूदगी सीमित है।' उन्होंने कहा कि एटीएम नेटवर्क से लाभ बढ़ सकता है क्योंकि दूसरे बैंक के ग्राहक एटीएम के इस्तेमाल पर हर लेनदेन के लिए करीब 17 रुपए का भुगतान करते हैं।

### टीएचडीसी एमडी ने दी बधाई

नई दिल्ली (वि.)। टीएचडीसी के सीएमडी आर.के. विश्नोई ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को एनटीपीसी राजभाषा शील्ड (प्रोत्साहन) पुरस्कार प्राप्त होने पर निगम के सभी कर्मचारियों को बधाई दी है। यह पुरस्कार बिजली मंत्री आर. के. सिंह द्वारा टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक) शैलेंद्र सिंह को विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालय/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रमुख तथा प्रतिनिधि, हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि टीएचडीसी अपने मूल कार्यो के साथ ही अपने संवैधानिक एवं सामाजिक दायित्व को निभाने के लिए कृत संकल्प है निगम प्रत्येक क्षेत्र जैसे सामाजिक कल्याण, पुनर्वास, परियोजना प्रभावित लोगों के लिए विकास एवं उत्थान, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के सामुदायिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह निगम के लिए बहुत गौरव की बात है कि निगम प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। इस बैठक में विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कार्यालयों और उपक्रमों की राजभाषा गृह पत्रिकाओं का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर टीएचडीसी की राजभाषा पत्रिका 'पहल' के जून 2023 अंक का विमोचन भी किया गया।




# खाद्य एवं पेय पैकेजिंग इंडस्ट्री पकड़ रही रफ्तार

## ■ वर्ष 2029 तक 86 अरब डालर का होगा यह उद्योग

मुंबई (भाषा)।

अखिल भारतीय खाद्य प्रसंस्करण संघ ने कहा है कि शहरीकरण में तेजी, बढ़ती खर्च करने योग्य आय और उपभोग के बदलते तरीकों के चलते भारतीय खाद्य एवं पेय पैकेजिंग उद्योग के 2029 तक 86 अरब डलर का होने की उम्मीद है। यह उद्योग फिलहाल सालाना 14.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है।

अखिल भारतीय खाद्य प्रसंस्करण संघ के पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष प्रबोध हल्दे ने फूड इंग्रीडिएंट्स (फाई इंडिया) और प्रोपैक इंडिया के अंतिम दिन बयान में कहा, 'कोविड-19 महामारी के बाद प्राकृतिक खाद्य पदार्थो की मांग बढ़ी है। पौष्टिक-औषधीय पदार्थो और जैविक खाद्य पदार्थो के लिए एफएसएसएआई के नए नियम इस क्षेत्र में वृद्धि को गति दे रहे है। प्राकृतिक, जैविक, शाकाहारी और भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग वाले उत्पाद जैसे रुझान माहौल को नया आकार दे रहे है।'



उन्होंने इंफार्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा 17 से 19 अगस्त तक आयोजित फूड इंग्रीडिएंट्स (फाई इंडिया) के 17वें संस्करण और प्रोपैक इंडिया के पांचवें संस्करण में कहा कि संगठित पैकेज्ड सामग्री बाजार का मूल्य सालाना लगभग 20,000 करोड़ रुपए है, जो खुले उत्पादों से पैकेज्ड उत्पादों की ओर बदलाव का संकेत देता है। एफआई इंडिया में 230 से अधिक प्रदर्शकों और 1,000 से अधिक ब्रांड ने भाग लिया, जबकि प्रोपैक इंडिया में 85 प्रदर्शकों और 300 से अधिक ब्रांड ने भाग लिया। प्रदर्शनियों में नीदरलैंड, डेनमार्क, फ्रांस, बेल्जियम, अमेरिका, पोलैंड, जापान, हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक शामिल हुए।

हल्दे ने कहा, 'भारतीय खाद्य और पेय पैकेजिंग उद्योग वर्तमान में (2022 में) 32 अरब डालर है, और 2029 तक 14.8 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 86 अरब डॉलर होने का अनुमान है।'



मैच का एकमात्र मैच विजयी गोल करतीं स्पेन की कप्तान ओल्गा कार्मोना।





## हार से स्तब्ध इंग्लैंड टीम के फैंस






# कप्तान ओल्गा के गोल से स्पेन ने रचा इतिहास

## फीफा महिला वर्ल्डकप 2023 : खेल के 29वें मिनट में कप्तान ओल्गा कार्मोना ने किया विजयी गोल, इंग्लैंड का सपना टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए फीफा वूमेन्स वर्ल्डकप 2023 का खिताब जीत लिया है। सिडनी ओलंपिक स्टेडियम में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हरा दिया।

स्पेन के लिए विजयी गोल कप्तान ओल्गा कार्मोना ने खेल के 29वें मिनट में किया। स्पेन की टीम पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन बनी है। दूसरी ओर इंग्लैंड का भी पहली बार खिताब जीतने का सपना टूट गया। खास बात यह थी कि दोनों टीमें पहली बार इस मेगा इवेंट के फाइनल में पहुंची थी।

फाइनल मुकाबले में स्पेन ने मिडफील्ड में इंग्लैंड के मुकाबले ज्यादा नियंत्रण बनाए रखा। ऐसे में इंग्लैंड को गोल करने के उतने मौके नहीं मिले। इंग्लैंड की हार का अंतर दुगुना रहता, यदि दूसरे हाफ में जेनिफर हर्मोसो पेनल्टी मिस नहीं करतीं। इंग्लिश खिलाड़ी के। वॉल्श की ओर से पेनल्टी एरिया में हैंडबॉल करने के चलते 69वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी दी गई थी, लेकिन गोलकीपर मैरी इयरप्स ने शानदार बचाव किया। सरीना विगमैन के हेड कोच (मैनेजर) बनने के बाद से इंग्लैंड की यह पहली हार रही। इस फाइनल मुकाबले से पहले इंग्लैंड ने 25 मैच जीते थे, जबकि चार मैच ड्रॉ पर छूटे। स्पेन फीफा वूमेन्स वर्ल्ड कप जीतने वाला पांचवां देश रहा। इससे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे, जापान और जर्मनी की टीमें ही ऐसा कर पाई थीं। स्पेन ने स्वीडन और इंग्लैंड ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल का टिकट कटाया था।

फीफा वूमेन्स वर्ल्डकप का यह 9वां सीजन रहा, जो न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 64 मैच खेले गए, जिनका आयोजन 9 शहरों के 10 मैदानों पर हुआ। अबकी बार 32 टीमों ने भाग लिया था, जबकि पिछली बार फ्रांस में हुए वूमेन्स वर्ल्डकप में 24 टीमें खेली थीं। पिछला खिताब संयुक्त अमेरिका ने जीता था, लेकिन इस बार वह सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पाई। संयुक्त राज्य अमेरिका इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है और उसने चार बार खिताब जीता हुआ है।






### कब-कब कौन बना फीफा महिला वर्ल्डकप विजेता

| साल | विजेता | उपविजेता | तीसरा स्थान |
|---|---|---|---|
| 1991 | संयुक्त राज्य अमेरिका | नॉर्वे | स्वीडन |
| 1995 | नॉर्वे | जर्मनी | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 1999 | संयुक्त राज्य अमेरिका | चीन | ब्राजील |
| 2003 | जर्मनी | स्वीडन | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2007 | जर्मनी | ब्राजील | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2011 | जापान | संयुक्त राज्य अमेरिका | स्वीडन |
| 2015 | संयुक्त राज्य अमेरिका | जापान | इंग्लैंड |
| 2019 | संयुक्त राज्य अमेरिका | नीदरलैंड | स्वीडन |
| 2023 | स्पेन | इंग्लैंड | स्वीडन |

# 26वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन आज से

## टीटी नगर स्टेडियम में होंगे सभी मुकाबले

भोपाल। 26वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार से टीटी नगर स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में सिंगल, डबल्स और मिक्सड डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट दो कैटेगरी में होगा। इसमें एक कैटेगरी में एडिटोरियल से जुड़े साथी हिस्सा लेंगे, जबकि दूसरी कैटेगरी में मीडिया संस्थान के अन्य सेक्शन के कर्मचारी व अधिकारी भागीदारी करेंगे। भोपाल खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में विजेताओं को ट्रॉफी और ट्रेकसूट से पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी प्लेयर्स टीटी नगर स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में सुबह 10.00 बजे पहुंचे, ताकि उद्घाटन से पहले ड्रा डालने में आसानी रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन सुबह 11.00 बजे पदम विलोचन शुक्ला डीसीपी ट्रैफिक, रिलायंस के मेंटोर फरहान अंसारी और भोपाल खेल पत्रकार संघ के संरक्षक मृगेंद्र सिंह करेंगे। पहले दिन सिंगल्स के मैच होंगे। दूसरे दिन डबल्स और मिक्सड डबल्स और तीसरे दिन फाइनल होगा।

## वनडे वर्ल्डकप में फिर बदल सकता है पाकिस्तान के मैच का शेड्यूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी वनडे क्रिकेट वर्ल्डकप के मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक, हैदराबाद में 9 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-नीदरलैंड का मुकाबला होना है, वहीं 10 अक्टूबर को इसी मैदान पर श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमों का आमना-सामने होना है। अब हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने लगातार दो दिन में दो मैच कराने को लेकर असमर्थता व्यक्त की है।

# भारत ने आयरलैंड को दूसरे टी20 में 33 रनों से दी शिकस्त

## टीम इंडिया की मेजबान टीम के खिलाफ लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत, गायकवाड़ ने जड़ा पचासा

**डबलिन, एजेंसी।** भारतीय टीम ने आयरलैंड को एक बार फिर उसी के घर में करारी शिकस्त दी है। टीम इंडिया इस समय आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इसके शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर भारतीय टीम ने सीरीज पर 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 23 अगस्त को डबलिन में ही खेला जाएगा। दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने 186 रनों का टारगेट दिया था, जिसके जवाब में आयरलैंड टीम 8 विकेट पर 152 रन ही बना सकी और मैच 33 रनों से मैच गंवा दिया। आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम की यह तीसरी टी20 सीरीज है। तीनों में टीम इंडिया को ही जीत मिली है। खास बात यह भी है कि भारतीय टीम ने यह तीनों ही सीरीज आयरलैंड के घर में ही खेली हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल कै.कैमफ़र बो.यंग | 18 | 11 | 2/1 |
| गायकवाड़ कै.टेक्टर बो.मक्कार्थी | 58 | 43 | 6/1 |
| तिलक वर्मा कै.डॉकरेल बो.मक्कार्थी | 1 | 2 | 0/0 |
| सैमसन बो.व्हाइट | 40 | 26 | 5/1 |
| रिंकू सिंह कै.यंग बो.ऐडेयर | 38 | 21 | 2/3 |
| शिवम दुबे नाबाद | 22 | 16 | 0/2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, कुल : 20 ओवर में 185/5, विकेट पतन : 1-29, 2-34, 3-105, 4-129, 5-184, गेंदबाज़ी : मार्क ऐडेयर 4-0-36-1, जॉश लिटिल 4-0-48-0, बैरी मक्कार्थी 4-0-36-2, क्रेग यंग 4-0-29-1, बेन व्हाइट 4-0-33-1.

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंडी बैलबर्नी कै.सैमसन बो.अर्शदीप | 72 | 51 | 5/4 |
| स्टर्लिंग कै.अर्शदीप बो.पी कृष्णा | 0 | 4 | 0/0 |
| टकर कै.गायकवाड़ बो.पी कृष्णा | 0 | 3 | 0/0 |
| हैरी टेक्टर बो.बिश्नोई | 7 | 7 | 1/0 |
| कैमफ़र कै.शिवम बो.बिश्नोई | 18 | 17 | 0/1 |
| डॉकरेल रन आउट | 13 | 11 | 0/1 |
| ऐडेयर कै.तिलक बो.बुमराह | 23 | 15 | 0/3 |
| मक्कार्थी कै.बिश्नोई बो.बुमराह | 2 | 4 | 0/0 |
| यंग नाबाद | 1 | 6 | 0/0 |
| जॉश लिटिल नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 20 ओवर में 152/8, विकेट पतन : 1-19, 2-19, 3-28, 4-63, 5-115, 6-123, 7-126, 8-148, गेंदबाज़ी : जसप्रीत बुमराह 4-1-15-2, अर्शदीप सिंह 4-0-29-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-29-2, रवि बिश्नोई 4-0-37-2, वॉशिंगटन सुंदर 2-0-19-0, शिवम दुबे 2-0-18-0.



### भारतीय गेंदबाजों ने ऐसे कसा शिकंजा

186 रनों के टारगेट के जवाब में आयरलैंड की टीम 8 विकेट गंवाकर 152 रनों का स्कोर ही बना सकी। टीम के लिए ओपनर एंड्रयू बालबर्नी ने शानदार बल्लेबाजी की और 51 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली, जबकि कप्तान पॉल स्टर्लिंग और लोर्कन टकर खाता भी नहीं खोल सके। भारतीय गेंदबाजों ने मैच में दमदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। बता दें कि आयरलैंड ने 19 के स्कोर पर ही शुरुआती दो विकेट गंवा दिए थे। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने एक ही ओवर में कप्तान पॉल स्टर्लिंग और टकर को शिकार बनाया।

### ऋतुराज और संजू ने खेली दमदार पारी

मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 5 विकेट पर 185 रन बनाए थे। ऐसे में मैच जीतने के लिए आयरलैंड के सामने 186 रनों का टारगेट था। मैच में भारतीय टीम के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने 43 गेंदों पर सबसे ज्यादा 58 रनों की पारी खेली। संजू सैमसन ने 26 गेंदों पर 40 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 38 और शिवम दुबे ने नाबाद 22 रन बनाए, जबकि आयरलैंड की ओर से बैरी मैकार्थी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए थे।

### टीम इंडिया से अब तक एक भी मैच नहीं जीता आयरलैंड

आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम का रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। टीम ने अब तक एक भी मैच नहीं हारा है। भारत और आयरलैंड के बीच अब तक कुल 7 टी20 मुकाबले हुए हैं। इसमें टीम इंडिया ने सभी मैच जीते हैं। यदि अगला मैच आयरलैंड जीतता है, तो यह भारत के खिलाफ उसकी पहली और ऐतिहासिक जीत होगी।

### क्रिकेट फैंस हैरान

## आग पर चलकर बांग्लादेश का ये खिलाड़ी कर रहा है एशिया कप की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप शुरू होने में दो हफ्ते से भी कम का समय बचा हुआ है। ज्यादातर टीमें तैयारी के अंतिम चरण में हैं। एशियाई टीमों के लिए यह टूर्नामेंट वनडे विश्वकप 2023 से पहले अपने अंतिम तैयारियों का परीक्षण करने का एक शानदार मौका है, जबकि खिलाड़ी महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए अपने अलग-अलग तरीकों से तैयारी में हैं। बांग्लादेश के स्टार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम शेख सच में अग्निपथ पर आगे बढ़ गए हैं।



सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे एक वीडियो में शेख को एशिया कप से पहले माइंड-ट्रेनिंग के हिस्से के रूप में आग पर चलते देखा जा सकता है। वीडियो सैफ अहमद के सत्यापित खाते से पोस्ट किया गया था, जिसके एक्स बायो में लिखा है **@ Bangla Tigers @RangpurRiders** का सोशल मीडिया मैनेजर।

### टेनिस

## दोनों दिग्गजों ने जीते अपने-अपने सेमीफाइनल, यूबर्ट हर्काज़ और एलेक्ज़ेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर

# सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज और जोकोविच

**मेसन, एजेंसी।** स्पेन के युवा सनसनी खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ और सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया है। टॉप सीड अल्काराज़ ने रोमांचक सेमीफाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए पोलैंड के यूबर्ट हर्काज़ को 2-6, 7-6(4), 6-3 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने जर्मनी के एलेक्ज़ेंडर ज्वेरेव को 7-6(5), 7-5 से मात दी। अल्काराज़ का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म हो सकता था, लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में 4-5 पर मैच पॉइंट बचाया और टाईब्रेकर में लगातार छह पॉइंट अर्जित करते हुए मैच को तीसरे सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट के चौथे गेम में अल्काराज़ ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और अंततः दो घंटे 16 मिनट में हर्काज़ को मात दी।



### मैच के बाद बोले अल्काराज़ - यह कठिन सेमीफाइनल था...

अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक तौर पर कठिन सेमीफाइनल था। मुझे वहां डटे रहने की ज़रूरत थी। मुझे कई ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन मैं उनका फायदा नहीं उठा सका। मैच प्वाइंट बचाना कभी आसान नहीं होता लेकिन मेरे कोच के साथ हर समय सकारात्मक रहने और वहां बने रहने के बारे में बात हो रही थी। हमें पता था कि मुझे मौके मिलने वाले हैं। हुबी (हर्काज़) के खिलाफ हर मैच बहुत कठिन होता है, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मैं जीत सका।

### नोवाक जोकोविच बोले- ज्वेरेव के खिलाफ जीत मायने रखती है...

दूसरी ओर, 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने दो घंटे चार मिनट में ज्वेरेव को हराने के बाद कहा, मुझे लगता है कि कुछ चीजें हैं, जो मैं बेहतर कर सकता था, लेकिन कुल मिलाकर यह फॉर्म में चल रहे ज्वेरेव जैसे खिलाड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में मिली जीत है। इसलिए मैं सही मायने में खुश हूं।

### सर्वाधिक जीत के मामले में नडाल की बराबरी पर पहुंचे नोवाक

अपने करियर की 1,068वीं जीत के साथ नोवाक जोकोविच सर्वाधिक जीत के मामले में राफेल नडाल और इवान लेंडल के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब केवल रोजर फेडरर (1,251) और जिमी कॉनर्स (1,274) से पीछे हैं। करीब एक महीने पहले 15 जुलाई को अल्काराज़ ने जोकोविच को विंबलडन फाइनल में हराया था और सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में दोनों खिलाड़ी एक बार फिर आमने-सामने होंगे। साल 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी सरज़मीन पर खेल रहे जोकोविच ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गिराया है और वह अल्काराज़ के सामने भी इसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए अपने करियर का तीसरा सिनसिनाटी ओपन खिताब जीतना चाहेंगे।

## अमेरिका में भारतीय परिवार के तीन सदस्य मृत मिले

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में एक भारतीय दंपति और उनका छह साल का बेटा मृत मिला है। संदेह है कि पुरुष ने पत्नी और बच्चे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की दोपहर पुलिस को मूल रूप से कर्नाटक निवासी तीन लोग बाल्टीमोर काउंटी स्थित मकान में मृत मिले जिनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। इसने कहा कि मृतकों की पहचान योगेश एच नागराजप्पा (37), प्रतिभा वाई अमरनाथ (37) और यश ह्रेन्नल (छह) के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि मृतकों में पति-पत्नी और उनका बेटा शामिल है।

बाल्टीमोर सन अखबार ने बाल्टीमोर काउंटी पुलिस के प्रवक्ता एंथनी शेल्टन के हवाले से कहा, 'शुरुआती जांच से संकेत मिला है कि नागराजप्पा ने दोनों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।' शेल्टन ने कहा, ऐसा लगता है कि तीनों की संभवतः गोली लगने से मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि परिवार के सदस्यों को मंगलवार शाम को आखिरी बार जीवित देखा गया था।

## सिर्फ दो सौ करोड़ खर्च कर प्रतिवर्ष पांच सौ करोड़ बचाने का तरीका खोजा रेलवे ने




**नई दिल्ली।**

पता नहीं यह बात रेलवे को अर्से से क्यों नही समझ में आयी कि सिर्फ दो सौ करोड़ रुपए खर्च करके प्रतिवर्ष पांच करोड़ रुपए बचाये जा सकते हैं। लेकिन देर से ही सही, रेलवे ने ट्रेनों की धुलाई और फिट करने के लिए अपने सिक/पिट लाइनों का विद्युतीकरण करने का बीड़ा उठाया। इसका नतीजा यह रहा कि सिक/पिट लाइनें फिट हो गयीं। इससे इन लाइनों पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए जेनरेटर और अन्य उपकरणों को चलाने के लिए डीज़ल का उपयोग भी बंद हो गया। इससे डीज़ल पर होने वाला खर्च रूका और कार्बन उत्सर्जन से प्रदूषण भी शून्य पर पहुँच गया।

दरअसल रेलवे को अपने ट्रेनों को चलाने के लिए रोजाना उनकी धुलाई और तकनीकी रूप से फिट किया जाता है। इसके लिए सिक/पिट लाइनों में 750 वोल्ट की बिजली की जरूरत होती है। लेकिन बड़ी संख्या में सिक/पिट लाइनों में बिजली की जरूरत डीजल जेनरेटरों से पूरी की जाती थी। जब

- देशभर में ट्रेनों को फिट और वाशिंग करने के लिए 411 सिक/पिट लाइन का विद्युतीकरण का बीड़ा उठाया
- डीजल से चलने वाले जेनरेटरों से मिली निजात, कार्बन उत्सर्जन भी शून्य पर पहुँचा
- 411 सिक/पिट लाइनों में से 316 तैयार, बाकी तीन महीने में होंगे पूरे

व्यापक स्तर से इसका आकलन किया किया गया तो पता चला कि ऐसी 411 सिक/पिट लाइनों में डीज़ल पर प्रतिवर्ष 500 करोड़ रुपए से अधिक ख़र्च हो जाते हैं। यदि इन लाइनों का विद्युतीकरण कर दिया जाए तो पर्यावरण के बचाने के साथ-साथ प्रतिवर्ष पाँच करोड़ रुपए से अधिक की बचत की जा सकती है। अंततः रेल मंत्रालय ने वर्ष 2016 में यह निर्णय किया कि वर्ष 2018 से सौ प्रतिशत एलएचबी कोच का उत्पादन किया जाएगा। इन कोचों को मेंनटेन रखने के लिए 750 वोल्ट के बिजली जरूरत होगी। इसी क्रम में देशभर 411 सिक/पिट/वाशिंग लाइनों का विद्युतीकरण का भी बीड़ा उठाया गया। इसके लिए रेलवे मंत्रालय ने 210 करोड़ रुपए की कार्ययोजना को मंजूरी दी। परिणामस्वरूप आज एक वर्ष के उपरांत 411 पिट/सिक लाइनों में से 316 लाइनों का काम पूरा हो गया है। शेष लाइनों का काम चल रहा है। अगले तीन महीने में यह कार्य भी पूरा हो जाएगा। इससे रेलवे को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

## लद्दाख हादसे में मृत जवानों की शिनाख्त




**श्रीनगर (वार्ता)।** सेना ने रविवार को उन नौ सैनिकों की पहचान की है जो शनिवार को लद्दाख में एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से अपनी जान गंवा बैठे। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हादसे में मृत जवानों की पहचान नायब सूबेदार रमेश लाल, हवलदार महेंद्र सिंह, हवलदार विजय कुमार, नायक एन चंद्र शेखर, नायक तेजपाल, ग्रेनेडर मन मोहन, ग्रेनेडर अंकित, ग्रेनेडर तरणदीप सिंह और ग्रेनेडर भोइट वैभव के रूप में हुई है।

इस बीच जनरल ऑफिसर कमांडिग फायर एंड फ्यूरी क्रॉप ने लद्दाख हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा, 'लद्दाख में सड़क हादसे में सेना के जवानों की जान जाने से बेहद दुखी हूं। राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। घायलों के शीघ स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना।'

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मृत सैनिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'लद्दाख में दुखद सड़क दुर्घटना से बहुत दुखी हूं।' हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ, जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### जी20 की बैठक मानेसर गुरुग्राम व नूंह में तीन से

**चंडीगढ़।** हरियाणा जी-20 की चौथी बैठक की तीन से सात सितम्बर तक मानेसर, गुरुग्राम और नूंह में मेजबानी करेगा। राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल बैठक की तैयारियों की समीक्षा के बाद यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 रामपुरा से आईटीसी ग्रांड भारत नूंह तक सड़क के मजबूतीकरण कार्य की भी विस्तार से समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि बैठक के दूसरे दिन हरियाणा की समृद्ध एवं खुशहाल संस्कृति को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बदमाश हिमांशु के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस

**चंडीगढ़।** इंटरपोल ने विदेश में रह रहे वांछित बदमाश हिमांशु उर्फ भाऊ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है ताकि उसे गिरफ्तार कर भारत लाया जा सके। हरियाणा पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहतक पुलिस ने उक्त बदमाश को लेकर वापस लाने के लिये इंटरपोल से सम्पर्क किया था। भाऊ पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र, जबरन वसूली, अवैध हथियार आदि से सम्बंधित रोहतक, दिल्ली और झज्जर में कम से कम 18 मामले दर्ज है। हरियाणा पुलिस ने उस पर 1.55 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

### सिद्धरमैया से मिले भाजपा के सोमशेखर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ विधायकों के अपनी मूल पार्टी में लौटने के इच्छुक होने के बारे में 'आपरेशन हस्त' को लेकर जारी अटकलों के बीच भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एस टी सोमशेखर ने रविवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से मुलाकात की। इससे पहले दिन में, जद (सेक्युलर) नेता अयानुर मंजूनाथ ने उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार से मुलाकात की। सोमशेखर ने एक बयान में कहा कि सिद्धरमैया के साथ उनकी बैठक 'विकास और उनके निर्वाचन क्षेत्र' पर चर्चा के बारे में हुई।

## राष्ट्रपति अल्वी का दो बिलों पर हस्ताक्षर करने से इनकार

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान में एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सरकारी गोपनीयता (संशोधन) विधेयक 2023 और पाकिस्तान थलसेना (संशोधन) विधेयक 2023 पर हस्ताक्षर करने से रविवार को इनकार कर दिया। साथ ही, दावा किया कि यह जानकर वह स्तब्ध हैं कि उनके कर्मचारियों ने उनके आदेशों की 'अनदेखी' की और निर्धारित समय के अंदर अहस्ताक्षरित विधेयकों को लौटाने में नाकाम रहे।

राष्ट्रपति अल्वी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किये गए अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अपने स्टाफ को अहस्ताक्षरित विधेयक निर्धारित समय के अंदर लौटाने का निर्देश दिया था, ताकि उसे निष्प्रभावी किया जा सके। अल्वी ने कहा, 'खुदा गवाह हैं कि मैंने सरकारी गोपनीयता संशोधन विधेयक, 2023 और पाकिस्तान थलसेना संशोधन विधेयक,2023 पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था।' अल्वी, राष्ट्रपति बनने से पहले जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ से संबद्ध थे। उन्होंने कहा, मैंने अपने कर्मचारी से अहस्ताक्षरित विधेयकों को निर्धारित समय के अंदर लौटाने को कहा था, ताकि उन्हें निष्प्रभावी किया जा सके। मैंने उनसे कई बार पूछा था कि क्या उन्हें लौटा दिया गया है? उन्होंने कहा, मैंने आज पाया कि मेरे कर्मचारी ने मेरे आदेश की अनदेखी की। उनके बयान से एक दिन पहले स्थानीय मीडिया में आई खबर में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

- कहा, सरकारी गोपनीयता व पाक थलसेना विधेयक से था असहमत
- यह जानकर स्तब्ध हूं कि मेरे कर्मचारियों ने मेरे आदेशों की 'अनदेखी' की

पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, खान के एक करीबी सहयोगी को पिछले साल एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक होने के सिलसिले में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत शनिवार रात गिरफ्तार किये जाने के बाद विधेयक के कानून का रूप लेने की खबर आई थी। राष्ट्रपति भवन से कोई बयान नहीं जारी किया गया है। कानून मंत्रालय ने राष्ट्रपति के पोस्ट को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा, 'संविधान के अनुच्छेद 75 के मुताबिक, जब एक विधेयक मंजूरी के लिए भेजा जाता है, राष्ट्रपति के पास दो विकल्प होते हैं : या तो मंजूरी दें या विषय को कुछ टिप्पणी के साथ संसद को भेज दें।' इसने कहा कि अनुच्छेद 75 कोई तीसरा विकल्प उपलब्ध नहीं कराता है और दोनों विकल्पों का उपयोग नहीं किया गया तथा राष्ट्रपति ने 'जानबूझकर सहमति में देरी की'।

## पाक : शिरीन मजारी की बेटी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद (भाषा)।**

पाकिस्तान की पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी की बेटी इमान मजारी को रविवार सुबह यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। तरनूल थाने के एक अधिकारी ने बताया कि युवा वकील और कार्यकर्ता इमान मजारी पर सरकारी मामलों में दखल देने, धरना प्रदर्शन तथा विरोध करने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी मां शिरीन मजारी ने गिरफ्तारी को 'अपहरण' बताया और कहा कि सादे कपड़ों में आए लोग 'हमारे घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ने के बाद मेरी बेटी को अपने साथ ले गए।' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, वे हमारे सुरक्षा कैमरे और उसका लैपटॉप तथा मोबाइल फोन ले गए। हमने पूछा कि वे किसके लिए आए हैं और वे इमान को खींचकर बाहर ले गए। उन्होंने घर के कोने-कोने की तलाशी ली। मेरी बेटी नाइट ड्रेस में थी और उसने कहा कि मुझे कपड़े बदलने दो लेकिन उन्होंने उसे बाहर घसीट लिया। जाहिर तौर पर कोई वारंट या किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सरकार का फासीवाद। घर में सिर्फ दो महिलाएं थीं। यह अपहरण है। शिरीन मजारी को नौ मई को हुए दंगों के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया था जिसके बाद उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

- सरकारी मामलों में दखल देने के आरोप में मामला दर्ज

## शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता हमेशा प्रासंगिक रहेंगे : सोनिया



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के विषय हमेशा प्रासंगिक रहे हैं और आगे भी रहेंगे। राजीव गांधी राष्ट्रीय सदभावना पुरस्कार समारोह में उन्होंने कहा कि ऐसे समय में ये और अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं जब अलगाव, नफरत, कट्टरता, पक्षपात की राजनीति को बढ़ावा देने वाली शक्तियां अधिक सक्रिय होती है और उन्हें सत्ता का समर्थन प्राप्त होता है।

इस मौके पर वनस्थली विश्वविद्यालय को राजीव गांधी राष्ट्रीय सदभावना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल समेत अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे। इस अवसर पर सोनिया गांधी ने कहा कि राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार उन लोगों और संस्थानों को दिए गए है, जिन्होंने शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि राजीव गांधी का राजनीतिक जीवन बेहद क्रूर तरीके से समाप्त किया गया था, लेकिन जितना कम समय उन्हें देश सेवा के लिए मिला, उसमें उन्होंने अनगिनत उपलब्धियां हासिल की थीं। वे भारत में मौजूद तरह-तरह की बहुरूपता की सुरक्षा और संरक्षण के समर्थक थे। उनकी व्यक्तिगत और राजनीतिक विरासत से स्पष्ट होता है कि वे इस बात को लेकर बेहद संवेदनशील थे कि धार्मिक,जातीय, भाषाएं और सांस्कृतिक विभिन्नता का जश्न मना कर ही भारत की एकता को मज़बूत किया जा सकता है।

- कहा, जब नफरत और कट्टरता को बढ़ावा देने वाली शक्तियां अधिक सक्रिय हैं तब ये और भी जरूरी है

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि राजीव गांधी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। 1988 में जब वे देश के प्रधानमंत्री थे, तब पहली बार भारत सरकार ने महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उन्नति के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण से योजना जारी की थी। यही नहीं, उन्होंने पंचायतों और नगरपालिकाओं में भी महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण के लिए भी दिलो-जान से संघर्ष किया और लड़ाई लड़ी।

## यूक्रेन ने किया रूस के कुर्स्क में रेलवे स्टेशन पर हमला

**मॉस्को (वार्ता)।** यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया जिसमें पांच लोग घायल हो गये हैं।

कुर्स्क के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टेलीग्राम' पर कहा, कुर्स्क में यूक्रेन ने किया ड्रोन हमला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ड्रोन रेलवे स्टेशन की इमारत की छत से टकरा गया जिससे छत पर आग लग गई। कांच के टुकड़ों से पांच लोग घायल हो गए। गवर्नर ने बताया कि हमले में स्टेशन की छत, आगे का हिस्सा और प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, छत, आगे का हिस्सा और पहला प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही विस्फोट की धमक से प्रतीक्षालय और पैदल यात्री सुरंग को भी नुकसान पहुंचा है।

## पाक : गिरफ्तार 13 आतंकियों में तीन प्रमुख आतंकी कमांडर भी शामिल

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों के दौरान 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें तीन आतंकवादी कमांडर भी शामिल हैं।

सीटीडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट के तीन हाई-प्रोफाइल आतंकवादी कमांडर शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रांत के विभिन्न जिलों में चलाए गए थे। विभाग ने कहा कि आतंकवादी प्रांत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

### पाक : आतंकी हमले में 11 मजदूरों की मौत

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादी हमले में कम से कम 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गई। 'जियो न्यूज' ने उपायुक्त रेहान गुल खट्टक के हवाले से बताया कि आतंकियों ने शनिवार को शावाल तहसील के गुल मीर कोट के पास 16 मजदूरों को ले जा रहे एक वाहन को विस्फोट करके उड़ा दिया। खट्टक ने बताया कि एक निर्माणाधीन सरकारी इमारत में काम करने वाले कम से कम 11 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए और तीन लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये मजदूर माकिन और वाना तहसील से ताल्लुक रखते थे।

## फार्मा-चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय नीति अंतिम चरण में : मांडविया

**गांधीनगर (भाषा)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत फार्मा-चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने तथा नवोन्मेष के लिए एक राष्ट्रीय नीति लाने के अंतिम चरण में है।

मांडविया ने यहां 17 से 19 अगस्त तक आयोजित जी-20 के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक से इतर रविवार को फार्मास्युटिकल क्षेत्र के भारतीय उद्यमियों, जी-20 देशों के मंत्रियों एवं प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता, पहुंच और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारत की प्रतिबद्धता कोविड-19 महामारी के दौरान विशेष रूप से प्रदर्शित हुई। मांडविया ने स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य को लेकर भारत के दृष्टिकोण के बारे में भी बात की, जो मात्रा-आधारित दृष्टिकोण से मूल्य-आधारित नेतृत्व मॉडल में बदलाव पर केंद्रित है।

## जाली नोट : मास्टर माइंड को पांच साल की कठोर कैद की सजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** बिहार की एक विशेष एनआईए अदालत ने पूर्वी चंपारण जाली नोट मामले के एक मुख्य आरोपी को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोहनपुर गांव निवासी रईसुद्दीन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

- बिहार जाली नोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने कहा कि अदालत ने 18 अगस्त को 2015 के (पूर्वी चंपारण जाली मुद्रा) मामले में उसे दोषी करार दिया था और उसे शनिवार को सजा सुनाई गई। अधिकारी ने कहा कि उसे भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई जबकि पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया । रईसुद्दीन पूर्वी चंपारण जाली भारतीय नोट (एफआईसीएन) से संबंधित मामले में दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने वाला पांचवां अपराधी है। राजस्व खुफिया निदेशालय पटना ने एक अन्य आरोपी अफरोज अंसारी के पास से 5.94 लाख रुपये के जाली नोट बरामद किये थे।

इसके बाद निदेशालय ने 19 सितंबर 2015 को इस संबंध में मामला दर्ज किया था। अंसारी फर्जी नोट की खेप लेकर नेपाल में डिलीवरी के लिए भारत-नेपाल सीमा के निकट रक्सौल (पूर्वी चंपारण) लेकर जा रहा था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बाद में मामले को अपने हाथ में ले लिया और 23 दिसंबर, 2015 को इस मामले को दोबारा दर्ज किया। अधिकारी ने कहा, 'एनआईए की गहन जांच से पिछले आठ वर्षों में आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और आरोप पत्र दायर किया गया।'

## बरेली में बवाल, 15 उपद्रवी गिरफ्तार

**बरेली (भाषा)।** बरेली ज़िले के शीशगढ़ कस्बे में नौवीं कक्षा के दो छात्रों की इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर गत शुक्रवार को हुए बवाल के मामले में पुलिस ने रविवार को 15 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) राजकुमार अग्रवाल ने यह बताया कि पिछले शुक्रवार को शीशगढ़ कस्बे में अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा नौ के एक छात्र ने इंस्टाग्राम पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी और उसके प्रतिक्रिया स्वरूप बहुसंख्यक समुदाय के नौवीं कक्षा के ही एक छात्र ने भी मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र ने हिंदू किशोर द्वारा किए गए पोस्ट को अपने समाज में फैला दिया जिससे समुदाय के लोग भड़क गए। उन्होंने टिप्पणी करने वाले किशोर के मकान को घेर लिया और उस पर जमकर पथराव किया। पुलिस ने संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज किया था।

## उपराष्ट्रपति पद में दिलचस्पी नहीं : रामास्वामी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन नहीं जीतते हैं, तो उन्हें उपराष्ट्रपति बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

'द हिल' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में, सबसे कम उम्र के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने कहा कि अपने जीओपी प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की तरह, वह नंबर दो की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे। मुझे सरकार में किसी अलग पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। रामास्वामी ने कहा, सच कहूं तो, मैं संघीय सरकार में नम्बर 2 या नम्बर 3 बनने से पहले निजी क्षेत्र में बदलाव लाऊंगा।अतीत में, साथी भारतीय-अमेरिकी जीओपी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने भी कहा है कि उन्हें दूसरे नंबर पर आने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

- कहा, मैं संघीय सरकार में नम्बर 2 या नम्बर 3 बनने से पहले निजी क्षेत्र में बदलाव लाऊंगा

एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, रामास्वामी, जो पहली बार राजनीति में आए हैं, शनिवार को प्रतिद्वंद्वी और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के साथ दूसरे स्थान पर रहकर आश्चर्यचकित हो गए। एमर्सन कॉलेज के सर्वेक्षण में दिखाया गया कि डेसेंटिस और रामास्वामी 10-10 प्रतिशत के साथ बराबरी पर हैं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीछे हैं, जो 56 प्रतिशत के साथ आगे हैं। 'द हिल' के मुताबिक, रामास्वामी के लगभग आधे समर्थकों ने कहा कि वे निश्चित रूप से उन्हें वोट देंगे, जबकि डेसेंटिस समर्थकों में से केवल एक तिहाई ने भी यही कहा। इमर्सन कॉलेज पोलिंग के कार्यकारी निदेशक स्पेंसर किमबॉल ने एक बयान में कहा कि रामास्वामी ने स्नातकोत्तर डिग्री वाले मतदाताओं में सुधार किया है, इससे उस समूह के 17 प्रतिशत और युवा मतदाताओं के साथ, 35 वर्ष से कम उम्र के 16 प्रतिशत मतदाताओं पर जीत हासिल हुई है।

## भारतीय-अमेरिकी लोगों का वोट बदल देगा समीकरण

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में सभी पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 1 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी न केवल अपनी बढ़ती संख्या लगभग 40 लाख के कारण बल्कि अपने बढ़ते प्रभाव और समृद्धि के कारण भी एक शक्तिशाली राजनीतिक ताकत बन गए हैं।

अक्सर बैटलग्राउंड या स्विंग स्टेट्स में प्रमुख प्लेयर माने जाने वाले भारतीय-अमेरिकियों का प्रभाव मतपेटी पर स्पष्ट है। वे नवम्बर 2020 की राष्ट्रपति पद की कड़ी प्रतिस्पर्धा में मतदान करने के लिए बड़ी संख्या में आए थे। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स ने समुदाय को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 2020 के डेमोक्रेटिक प्राइमरी के दौरान, उम्मीदवारों को भारतीय-अमेरिकियों से पर्याप्त वित्तीय सहायता मिली। सितंबर में, भारतीय-अमेरिकियों ने एक रात में जो बाइडेन अभियान के लिए रिकॉर्ड 33 मिलियन डॉलर जुटाए। और वीकेंड में, अनुमान लगाया गया था कि हैरिस के लिए एक कार्यक्रम ने कम से कम 2 मिलियन डॉलर से 3 मिलियन डॉलर और जुटाए होंगे।

अमेरिकी वर्तमान जनसंख्या सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, 71 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकियों ने 2020 चुनाव में मतदान किया, जो 2016 की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि है। लगभग 1.3 मिलियन भारतीय-अमेरिकियों ने एरिजोना, फ्लोरिडा, जॉर्जिया, मिशिगन, उत्तरी कैरोलाइना, पेंसिल्वेनिया, टेक्सास और विस्कॉन्सिन में मतदान किया। ये ऐसे राज्य हैं जिनकी अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियों में से किसी के प्रति कोई स्पष्ट निष्ठा या झुकाव नहीं है। पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय की सुमित्रा बद्रीनाथन ने कहा, चुनिंदा स्विंग राज्यों में, भारतीय-अमेरिकी आबादी जीत के अंतर से अधिक है जिसने 2016 की राष्ट्रपति पद की दौड़ में हिलेरी क्लिंटन और ट्रम्प को अलग कर दिया था। भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेट का समर्थन किया है, 2016 के एग्जिट पोल से संकेत मिला कि पांच में से चार (79 प्रतिशत) एशियाई अमेरिकियों ने हिलेरी क्लिंटन को वोट दिया, जबकि केवल 18 प्रतिशत ने डोनाल्ड ट्रम्प को वोट दिया। यू गवर्नमेंट के सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत पंजीकृत भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं ने 2020 में बाइडेन का समर्थन किया, 2016 में 77 प्रतिशत ने हिलेरी क्लिंटन को और 2012 में 84 प्रतिशत ने बराक ओबामा को वोट दिया। कार्नेगी के 2020 भारतीय-अमेरिकी सर्वेक्षण के नतीजों में कहा गया है कि समुदाय का एक बड़ा वर्ग रिपब्लिकन पाटी को सही नहीं मानता है। हालांकि, 2024 में होने वाले चुनाव में, भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं को उनके समुदाय के उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में कूदने से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। डेमोक्रेट हैरिस-बाइडेन के चल रहे जोड़े के रूप में सबसे आगे हैं, विवेक रामास्वामी, निक्की हेली और हर्ष वर्धन सिंह ने रिपब्लिकन की ओर से अपनी किस्मत आजमाई है। वैज्ञानिक और कारोबारी शिवा अय्यादुरई ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी की घोषणा की है। पोमोना कॉलेज में राजनीति की सहायक प्रोफेसर सारा साधवानी ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा, अधिकांश भारतीय अमेरिकियों में अपने समुदाय के लोगों को निर्वाचित होते देखने की गहरी इच्छा है। कार्नेगी अध्ययन के अनुसार, भारतीय-अमेरिकी समान राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थकि हित साझा करते हैं। समुदाय के 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि अगर भारतीय-अमेरिकियों को चुना जाता है तो वे बेहतर प्रतिनिधित्व महसूस करेंगे। इसके अलावा, आधे से अधिक ने कहा कि वे किसी भारतीय-अमेरिकी को उनकी पाटी से संबद्धता की परवाह किए बिना पद के लिए खड़ा होने का समर्थन करेंगे। इस गणना के अनुसार, सभी की निगाहें अब मिल्वाकी में 15-18 जुलाई, 2024 को होने वाली जीओपी प्राइमरी पर टिकी हैं, जहां आधिकारिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का औपचारिक रूप से चयन होगा, और जो यह तय करेगा कि भारतीय-अमेरिकी वोट किधर झुकेंगे।

# युवा 20 (वाई 20) शिखर सम्मेलन उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सफलतापूर्वक संपन्न

## वाई 20 शिखर सम्मेलन 17 से 20 अगस्त 2023 तक आयोजित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पंकज कुमार सिंह, निदेशक, युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय, एस. राजलिंगम, जिला मजिस्ट्रेट (वाराणसी); प्रशांत कक्कड़ (आईआईएस), एम एंड सीओ, पीआईबी, अनमोल सोविट, वाई 20 अध्यक्ष, फलित सिजरिया, प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख, वाई 20 इंडिया और वाई 20 इंडिया के ट्रैक चेयर लक्षित मित्तल ने वाई 20 शिखर सम्मेलन के समापन दिवस पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित किया। जी-20 प्रेसीडेंसी के समग्र ढांचे के तहत वाई 20 इंडिया एंगेजमेंट ग्रुप और भारत सरकार के युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय को यूथ 20 (वाई 20) शिखर सम्मेलन-2023 आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी इसके अंतर्गत नई दिल्ली में वाई 20 कर्टेन रेजर, गुवाहाटी में आरंभिक बैठक, लेह, लद्दाख में वाई 20 प्री-समिट, देश भर के विभिन्न




विश्वविद्यालयों में 14 वाई 20 परामर्श और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा 50 विचार-मंथन सत्र सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भारत की अध्यक्षता में जी -20 के समग्र ढांचे के तहत वाई 20 ने दुनिया के लिए नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं शिखर सम्मेलन के दौरान वाई 20 विज्ञप्ति पर चर्चा और बातचीत की गई उसके बाद वैश्विक सहमति से इस पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर किए गए हैं इस शिखर सम्मेलन के दौरान कम्यूनिक में शामिल प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं-

आजीवन सीखने को सशक्त बनाएं

वैश्विक चुनौतियों के लिए वैश्विक कार्यबल तैयार करें

अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग को मजबूत करें

यूनिवर्सल गिग वर्कर अधिकारों को बढ़ावा देना और सुलभ व सतत वित्तपोषण और सलाह लागू करें

रुद्राक्ष इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर (RICCC) में रविवार को एक सत्र आयोजित किया गया जिसे शरद विवेक सागर, अनमोल सोविट (वाई 20 इंडिया,चेयर), पथिकृत पायने (समन्वय प्रमुख, वाई 20 इंडिया) फलित सिजरिया (प्रतिनिधिमंडल प्रमुख, वाई 20 इंडिया) और वाई 20 इंडिया की ट्रैक चेयर अदिति नारायणी पासवान ने संबोधित किया वाई20 -2023 कम्यूनिक को ट्रोइका देशों द्वारा जारी किया गया था जिसमें अध्यक्ष वाई 20 भारत, इंडोनेशिया आयोजन समिति के प्रतिनिधि और ब्राजील आयोजन समिति के प्रतिनिधि शामिल थे ध्वज को आधिकारिक तौर पर वाई 20 इंडिया चेयर द्वारा ब्राजीलियाई प्रतिनिधिमंडल प्रमुख को सौंप दिया गया। वाई 20 कम्यूनिक के रूप में शिखर सम्मेलन के नतीजे पर प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किए गए, जो पिछले कुछ महीनों के दौरान हुई विभिन्न चचाओं के निष्कर्ष को चिह्नित करता है यह वाई 20 के पांच पहचाने गए विषयों में सामूहिक आम दृष्टिकोण का एक प्रमाण है जो यह सुनिश्चित करेगा कि युवाओं की आवाज वैश्विक मंच पर उच्चतम स्तर के निर्णय निमार्ताओं द्वारा सुनी जाए। चार दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रतिनिधियों ने क्रूज से गंगा नदी यात्रा के दौरान प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाट का दौरा किया इस दौरान देश विदेश से आए प्रतिनिधियों पर वाराणसी और भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत ने लंबे समय तक प्रभाव छोड़ा है। पवित्र शहर वाराणसी की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत, इसकी आध्यात्मिकता, साहित्य, कला और संगीत ने भी जी -20 देशों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन

## सभी नायब तहसीलदार को 40-40 मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण का दिया आदेश

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों मद्देनजर एसडीएम केराकत नेहा मिश्र ने जिलाधिकारी के आदेश पर सोमवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के कर्मी मौजूद रहे। एसडीएम ने बूथों का भौतिक सत्यापन करने के बाद आवश्यकता के अनुसार उनमें सुधार के निर्देश दिए। सोमवार को एसडीएम नेहा मिश्रा ने थानागद्दी क्षेत्र के थानागद्दी, नाऊपुर, सोहनी, मखदूमपुर, कानुवानी, कोहारी, बम्मवन सहित एक दर्जन गांवों का दौरा किया। जिसमें उन्होंने आगामी चुनावों के लिए बनाए जाने वाले बूथों का भौतिक सत्यापन किया। विभिन्न




प्राथमिक विद्यालयों और अन्य स्थानों पर बनने वाले बूथ के बारे में उन्होंने राजस्व के अधिकारियों और लेखपालों से जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि उक्त सभी गांवों में पहले से ही पंचायत चुनाव के लिए बूथ बनाए जाते रहे हैं। इस बार भी यहां बूथ की व्यवस्था देखने के लिए निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी स्थानों पर मतदान के बूथ बनाए जाने की सुविधा ठीक पाई गई है। कुछ स्थानों पर आवश्यक के अनुसार सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम सभी नायब तहसीलदार को अपने अपने क्षेत्र के कम से कम 40- 40 मतदान केंद्रों का व्यक्तिगत रूप से स्थलीय निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया।

# श्रावण मास के सातवें सोमवार को दक्षिण भारतीयों के लिए इटली सांभर और डोसा का हुआ वितरण

प्रखर वाराणसी। श्रावण मास के सातवें सोमवार को दक्षिण भारतीयों के लिए इटली सांभर और डोसा का वितरण होटल आदेश पैलेस के तत्वाधान में होटल के एमडी लक्ष्मीकांत मिश्रा उर्फ किसमिस गुरु के नेतृत्व किया गया। किसमिस गुरु ने बताया लगातार कांवरियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसी क्रम में बड़ी संख्या में शहर में पर्यटन के लिए आने वाले दक्षिण भारतीयों के अनुरोध पर आज दक्षिण भारतीय व्यंजनों इटली ,सांभर और डोसा का वितरण किया जा रहा है । सेवा के संकल्प के साथ हमारे अभियान में काशीवासियों ने भी बढ़चढ़ के हिस्सा लिया इसके



लिए सबको साधुवाद है। वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लक्ष्मी कांत मिश्रा किसमिस गुरु ,वरुण सिंह,बलवंत सिंह, भइयाँ लाल यादव,बिरजेश कपुर, राहुल यादव, अनूप मालवीय, विज्जु यादव,बबलु तिवारी, महेश यादव अमरीष जैयसवाल, गोविंद यादव, अनुप खन्ना, रवि अरोड़ा, बल्ली गुप्ता, खुर्सिद भाई, गोपाल यादव, विवेक चतुबेर्दी, मुजीब भाई,राजु आसन्दास, बसंत गुप्ता, रवि यादव कल्लु, बबलु तिवारी, मुकेश यादव, संजय दुबे, अमित यादव, प्रमोद शुक्ला, बोदे यादव, मोदसीर भाई, मदन गिरी, रमाकांत शोर्ती, अजय तिवारी, बबलु यादव ,अजय यादव, दिनेश सैनी, जय मिश्रा, बचाऊँ यादव, मोहन झाँ, रवि जैन, अरुण विसक्रमा, संजय यादव, अमर नाथ विसक्रमा, सरद मोरया, दिलीप कश्यप ,मनोज यादव, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

# अभद्र टिप्पणी पर क्षत्रिय समाज ने भाजपा नेता के खिलाफ दिया तहरीर



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र के भडसर गांव निवासी भाजपा के बिरनो मंडल महामंत्री और भड़सर ग्रामप्रधान बिनोद गुप्ता द्वारा क्षत्रिय जाति पर अभद्र टिप्पणी और गाली देने के मामले में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने सैंकड़ो कार्यकताओं के साथ सोमवार को बिरनो थाने पहुंच कर भाजपा नेता बिनोद गुप्ता के खिलाफ तहरीर दी है। राजकुमार सिंह ने थानाध्यक्ष से मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की है। थानाध्यक्ष शैलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। राजकुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से पता चला की भडसर गांव निवासी भाजपा नेता बिनोद गुप्ता ने क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पड़ी के साथ साथ क्षत्रिय समाज को सार्वजनिक रूप से गाली दिया है। जिसे क्षत्रिय समाज बर्दास्त नही करेगा। एक सप्ताह के भीतर यदि पुलिस द्वारा बिनोद गुप्ता की गिरफ्तारी कर जेल नही भेजा गया तो क्षत्रिय समाज के लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर बलवंत सिंह, भूपेंद्र सिंह, दया सिंह, लल्लन सिंह, अभय कुमार सिंह, रामअलम सिंह, रामप्रवेश सिंह, अनुज राय आदि लोग थे। इधर भाजपा नेता बिनोद गुप्ता ने बताया कि मेरे द्वारा क्षत्रिय समाज को कोई भी आमर्यादित भाषा नही बोली गई है। यदि मेरे बात से क्षत्रिय समाज को आघात पहुंचा है तो उसके लिए माफी मांगता हूं।

# गंभीर स्थितियों से बच सकते हैं दिव्यांग कुष्ठ रोगी

## समय से पहचान और इलाज न होने पर दिव्यांगता का शिकार बना देता है कुष्ठ रोग

प्रखर कुशीनगर। दिव्यांग कुष्ठ रोगियों को प्रतिदिन स्वरक्षा अभ्यास करना चाहिए और अपने घावों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। ऐसा करने से गंभीर स्थितियों से बचा जा सकता है। उक्त बातें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र तिवारी ने अस्पताल परिसर में कुष्ठ से दिव्यांग हुए रोगियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि समय से पहचान और इलाज हो जाने से कुष्ठ के कारण होने वाली दिव्यांगता से बच सकते हैं। कुष्ठ विभाग के एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया के दिशा निर्देशन में प्रत्येक ब्लॉक में सेवा दिवस आयोजित कर दिव्यांग कुष्ठ रोगियों को प्रभावित अंग की देखभाल करने के बारे में बताया जाता है। सुकरौली पीएचसी परिसर में आयोजित कैंप में 20 दिव्यांग कुष्ठ रोगियों ने हिस्सा लिया। कैम्प के जरिये सेल्फ केयर किट, एमसीआर चप्पल देने के अलावा व्यायाम के बारे में भी बताया जाता है। कुष्ठ से अंगुलियों की दिव्यांगता के मामलों में दो वर्ष के भीतर सर्जरी कराई जा सकती है। यह सर्जरी 50 वर्ष से कम उम्र तक ही संभव है। सर्जरी की सुविधा तो सरकारी प्रावधानों के तहत उपलब्ध है ही, इसके मरीज को 12000 रुपये श्रम ह्रास के लिए दिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि कुष्ठ दिव्यांग रोगियों के लिए समय समय पर पीओडी कैंप आयोजित किये जाते हैं। कैंप में कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर किट, दवा आदि सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। कुष्ठ रोगियों को दिव्यांगता प्रबन्धन का तरीका भी बताया जाता है। अभिमन्यु बताते हैं कि वर्ष 2006 में उनके बायें हाथ में गोल गोल धब्बा हो रहा था, परिवार दाद दिनाय समझ कर दवा करा रहे थे, कोई फायदा नहीं हो रहा था। वर्ष 2009 तक दवा चली। फायदा न होते देख दवा बंद कर दिया। धीरे-धीरे अंगुलियां भी टेढ़ी होने लगी। वर्ष 2017 में कुष्ठ विभाग के नान मेडिकल सुपरवाइजर रमेश प्रसाद त्रिपाठी सरकारी अस्पताल से दवा कराने की सलाह दी। उनके कहने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली गया। वहा वर्ष 2018 में दवा शुरू हुई तो छह माह में दवा खाकर ठीक हो गए। श्री त्रिपाठी ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवा दिया। अब प्रति माह 3000 रुपए पेंशन के तौर पर मिल रहा है।

**लक्षण दिखते ही करें सम्पर्क**- सुकरौली के एएनएस श्री त्रिपाठी ने बताया कि अगर शरीर पर कोई सुन्न दाग धब्बा है जो चमड़े से हल्के रंग का है तो यह कुष्ठ हो सकता है। इसकी जांच हो जाने पर सम्पूर्ण इलाज उपलब्ध है । दवाएं भी ब्लॉक स्तर से मिल जाती हैं। प्रारंभिक लक्षण दिखने के बाद भी लापरवारी बरतने पर कुष्ठ दिव्यांग बना सकता है। दिव्यांग कुष्ठ रोगी सामान्य पानी में अपने प्रभावित अंग को भिगो कर तेल लगाते हैं तो घाव बनने की आशंका कम हो जाती है। इस स्वरक्षा अभ्यास को प्रतिदिन करना चाहिए।

# सी टेट की परीक्षा दिलवा रहे साल्वर गैंग के सरगना सहित 03 मुन्ना भाई गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में स्वाट व सर्विलांस टीम तथा कोतवाली सैदपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिरी सूचना पर सी टेट की परीक्षा दिलवा रहे साल्वर गैंग के गिरोह के सरगना सहित 03 सदस्यों को नसीरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद मोटरसाईकिल, 01 अदद प्रवेश पत्र 03 अदद मोबाईल फोन तथा 2330 रुपये नगद व अन्य कागजात व फोटो बरामद किया गया। अभियुक्तगणों द्वारा एक राय होकर कूटरचित दस्तावेज राहुल कुमार के आधार कार्ड पर अजय कुमार पुत्र धर्मराज



सिंह निवासी पचवाहा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज की फेक मिक्सिंग फोटो लगाकर उसे असली के रुप में प्रयोग करते हुए आर्थिक लाभ के उद्देश्य से इनके द्वारा यह कृत्य किया जाता है, गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली सैदपुर में धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 3/6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण में राहुल कुमार पुत्र हवलदार दूबे निवासी गोराबाजार थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र करीब -28 वर्ष, जमालुद्दीन खाँ पुत्र सलाहुद्दीन खाँ निवासी उसिया थाना दिलदारनगर गाजीपुर उम्र करीब-35 वर्ष, अनुज कुमार यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी घाट पहाड़पुर गोड्डा नगर गोड्डा झारखण्ड उम्र करीब -28 वर्ष शामिल रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन



प्रखर वाराणसी। ओम किलकारी फाउंडेशन के तरफ से प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर पल्हना आजमगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर डॉ सुनील कुशवाहा वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ शैली कुशवाहा स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ के तत्वाधान में आयोजन कराया गया। जिसमें बाल रोग, स्त्री प्रसूति रोग, न्यूरो, युरो, गैस्ट्रो रोग एवं सातीका, गठिया के पीड़ित करीब 250 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई और निशुल्क दवा प्राप्त किया। इस दौरान डॉ कौशल श्रीवास्तव, डॉ चंद्रमणि सिंह, डॉ अतुल, डॉ प्रतिभा तथा स्टाफ नर्स एवं ग्रामसभा सिंहपुर के समाजसेवी रमेश सिंह, ग्राम प्रधान सिंहपुर संजय राजभर, शेषनाथ यादव, बिपूल सिंह, आकाश पटेल, आदर्श पटेल, पीयूष सिंह, पंकज गोंड़, सूरज गोंड़, प्रांजल, सिंटू, शुभ सिंह आदि लोग मौजूद थे। ओम किलकारी फाउंडेशन के प्रमुख मनीष कुमार सिंह ने बताया की ओम किलकारी हॉस्पिटल के द्वारा गरीबों व शोषितों के उत्थान के लिए अन्य कई जगहो पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया है जिसमें मार्कण्डेय महादेव मंदिर कैथी, सारनाथ नई बाजार ऐसे कई कैम्प शामिल है और आने वाले दिनों में वाराणसी के आसपास सभी अन्य जिलों मे आयोजन कराया जाएगा जिससे हर एक गाँव मे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों तक मदद पहुंचाने में आसानी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दबंग ने बाप बेटे पत्नि को पीटा वीडियो वायरल



प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना के स्थानीय गांव में एक दबंग परिवार ने पड़ोसी बाप बेटे पत्नि को जमकर पीटा जिसका वीडियो वायरल हो गया है। जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा गांव के निवासी पन्नालाल और जियालाल दोनों पड़ोसी हैं और जियालाल पेशे से अध्यापक हैं लेकिन आए दिन जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होती थी, जिसे लेकर पन्नालाल पक्ष ने जियालाल पक्ष के जियालाल उनके पुत्र व उनकी पत्नी को जमकर लाठियों से पीट दिया। जिसमें बचाव के लिए पीड़ित चिल्लाते रहे। लेकिन कोई नहीं पहुंचा और पिटाई का वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। जमीनी विवाद के लिए लाठी-डंडे से जमकर एक परिवार को पीटा गया। सूचना पर पुलिस पहुंचकर जानकारी में जुट गई।

### नागपंचमी के पर्व बच्चे खेल सामग्री पाकर चहके




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय जमापुर के बच्चों के लिए नागपंचमी का पर्व खुशियां लेकर आये। नागपंचमी पर्व पर बच्चे खेल सामग्री पाकर खुश नजर आए। सोमवार को अम्बुजा सीमेंट व एचडीएफसी बैक के सहयोग से लगभग 10 हजार रुपए कीमत के छात्रों को बालीबाल , फुटबॉल, शतरंज, लूडो, बैट बॉल, बैडमिंटन, कैरमबोर्ड व योगा करने के लिए चटाई समेत अनेक खेल सामग्री मिले। जिसे पाकर बच्चों की खुशी देखने लायक थी। इस दौरान उक्त संस्था से जुड़े सरिता सिन्हा, सुनील चौरसिया व ममता पटेल ने कहाकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अन्य शिक्षण सामग्री देने व स्मार्ट क्लास की व्यवस्था संस्था करने का प्रयास करेगी। इस विद्यालय के शिक्षक विनोद कश्यप, संजय गुप्ता, अरविंद वर्मा, डॉ राजीव गौतम व सरिता देवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### संयुक्त व्यापार मंडल वरुणापार ने एसीपी कैंट डाक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी का किया सम्मान



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संयुक्त व्यापार मंडल वरुणापार ने पुलिस लाइन स्थित कार्यालय पर सोमवार को एसीपी कैंट डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी का किया भव्य स्वागत एवं सम्मान डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी रविवार को बड़ा लालपुर बीडीए कॉलोनी में जिस तरह से मां बेटी की जान बचाई उससे व्यापारियों में सुरक्षा की दृष्टि से काफी हर्ष है और व्यापारियों ने डॉक्टर अतुल अंजान के सूझभुझ की सराहना की उनके पूरे टीम को बधाई दिया सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सेठ ने कहा सरार्फा व्यापारियों के बीच में प्रशासन के प्रति सुरक्षा का भरोसा है भोजुबीर व्यापार मंडल के संरक्षक आनंद सोनकर ने कहा प्रशासन की सूझबूझ वाले कम से व्यापारी सुरक्षित नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं शिवपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ मधुर जायसवाल ने कहा व्यापारियों के प्रति प्रशासन का सुरक्षा भरोसा बढ़ा है हम इस कदम की सराहना करते हैं इस अवसर पर मीरापुर बसही व्यापार मंडल के संरक्षक महेश्वर सिंह ,महामंत्री किशन सेठ , भोजूवीर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता , महामंत्री मुन्ना लाल मौर्या ,संरक्षक आनंद सोनकर ,उपाध्यक्ष विजय अस्थाना, शिवपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ मधुकर जायसवाल , महामंत्री रमेश जायसवाल, चांदमारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष जयप्रकाश राजभर ,उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार ,सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सेठ ,महामंत्री मुकुंद सेठ ,वीडीए कॉलोनी लालपुर के अध्यक्ष रघुवीर सिंह के साथ व्यापारी बंधु डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी को अंगवस्त्र ,माल्यार्पण करके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

### श्री तुलसी महराज से मिले कोषाध्यक्ष



प्रखर वाराणसी। नदेसर स्थिर होटल पैलेस में शनिवार की देर शाम कालिंद्री उपाध्याय उर्फ बबलू जिला कोषाध्यक्ष भाजपा वाराणसी ने श्री तुलसी महराज जी मिलाकर आशीर्वाद लिया व धर्म के विषयों पर विशेष चर्चा किये। महराज जी ने कोषाध्यक्ष को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अवनीश उपाध्याय उर्फ बिट्टू मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं